आज का तापमान
अधिकतम | न्यूनतम
लखनऊ 39°C 24°C

इनसाइड न्यूज
मायावती बोलीं, बसपा के उदय होने से बहुजन समाज को मिला...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 15 अप्रैल, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 182 / www.janexpresslive.com/epaper

2030 तक का इंतजाम कर जा रहा हूं सीएम पद... 12



## ढाई घंटे में दून से दिल्ली: पीएम ने किया 212 किमी लंबे इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण, तीन राज्यों को सौगात

# 2029 के चुनावों में बेटियों को उनका हक देंगे: मोदी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

पीएम मोदी ने मंगलवार को देहरादून में कहा, '4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रही है। अब वह समय आ गया है। हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे। इसके लिए हम संसद में महिला आरक्षण बिल ला रहे हैं।' पीएम ने कहा, 'कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थीं। आज डबल इंजन सरकार के प्रयास से सड़क गांव तक पहुंच रही है। जो गांव वीरान थे आज फिर बस रहे हैं।' इससे पहले उन्होंने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का उद्घाटन किया। वे एशिया के सबसे लंबे 12 किमी एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण करने सहारनपुर पहुंचे। यहां रोड शो भी किया। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर 213 किमी लंबा, 6 लेन और एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर 12,000 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है और इसके शुरू होने से दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी 6 घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह जाएगी।



### दिल्ली-दून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण से पहले लिया मां का अशीर्वाद

पीएम मोदी सिद्धपीठ मां काली का आशीर्वाद लेने मां डाट काली मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दस मिनट तक पूजा अर्चना की। इस दौरान डाट काली मंदिर में बच्चियों ने महिषासुरमर्दिनी स्तोत्रम् का पाठ किया। वहीं, पीएम मोदी ने भी बच्चियों के पाठ को उनके साथ खड़े रहकर सुना।

### नाम से जुड़ा इतिहास, मां डाट काली मंदिर है खास

उत्तराखंड में प्रवेश करते ही शिवालिक की तलहटी में स्थित मां डाट काली मंदिर पीएम मोदी के प्रस्तावित पूजन कार्यक्रम के चलते इन दिनों मंदिर चर्चाओं में है। खास बात यह है कि मंदिर का एक हिस्सा उत्तर प्रदेश तो दूसरा उत्तराखंड में आता है। मान्यता है कि जब देहरादून-सहारनपुर राजमार्ग पर अंग्रेज टनल का निर्माण कर रहे थे तो बार-बार बाधा आ रही थी। एक रात निर्माण में लगे इंजीनियर के सपने में मां काली आई और उनके कहने पर 1804 में पिंडी को स्थापित किया गया। इसके बाद ही मंदिर का नाम मां डाट काली रखा गया। माना जाता है कि नया वाहन लेने पर चुनरी बंधवाने पर माता रानी स्वयं भक्त और वाहन की रक्षा करती हैं।

### क्यों खास है एक्सप्रेस-वे

- **शामिल राज्य:** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
- **कुल लंबाई:** 213 किलोमीटर
- **लागत** - 11,963 करोड़
- 12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाफ कॉरिडोर
- 200 मीटर लंबे 2 एलीफेंट अंडरपास, 6 एनिमल पास
- 370 मीटर लंबी सुरंग डाटकाली के पास
- 6 लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर
- 2 आरओबी, 10 पुल, 7 इंटरचार्ज
- 2.5 घंटे में होगा दिल्ली का सफर
- 20 किलोमीटर वन क्षेत्र शामिल है एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट में
- 19 प्रतिशत ईंधन की बचत होने का अनुमान
- 1.95 लाख पेड़ लगाए गए हैं प्रतिपूरक वृक्षारोपण कार्य के लिए
- 33,840 पेड़ों का कटान बचा आधुनिक तकनीकी के प्रयोग से

### पीएम का विजन विकसित भारत की आधारशिला: सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी का विजन विकसित भारत की आधारशिला है। उनके नेतृत्व में भारत भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने अपनी इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारते हुए दिल्ली-देहरादून ग्रीन एक्सप्रेसवे को केवल पांच वर्षों में पूरा कर पश्चिम उत्तर प्रदेश को बड़ी सौगात दी है।

▸ संबंधित खबर पेज 03 पर

### पीएम ने उत्तराखंड को कई सौगातें दीं: धामी



सीएम धामी ने कहा कि जब भी पीएम मोदी आए हैं कोई ना कोई सौगात दी है। पीएम मोदी ने उत्तराखंड में पर्यटन को नया विजन दिया है। आज इस कॉरिडोर की सौगात लेकर आए हैं। 2027 के चुनाव में भी हम कमल खिलाएंगे।

### उत्तराखंड को विकास की नई गति देगा एक्सप्रेसवे: नितिन गडकरी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आज उत्तराखंड को ऐसी सौगात दी जा रही है जो यहां के विकास को नई गति देगी। जॉन एफ कैनेडी ने कहा था कि अमेरिका की सड़कें अच्छी नहीं क्योंकि अमेरिका अमीर देश है। यहां देहरादून, हरिद्वार और पूरे उत्तराखंड के लिए एक नई राह खुलने वाली है। 213 किलोमीटर का है।

### पीएम मोदी की स्पीच 5 पॉइंट्स में

- **महिला आरक्षण पर:** 4 दशक बाद संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ। 33% आरक्षण लागू करने वाले इस कानून को बनाने के लिए सभी दलों ने समर्थन दिया। अब इसे लागू करने में देर नहीं होनी चाहिए। 2029 से ही यह लागू हो जाना चाहिए। यह देश की भावना है हर बहन बेटी की इच्छा है।मातृशक्ति की इसी इच्छा को नमन करते हुए 16 अप्रैल से संसद में चर्चा होनी है। इसे सभी दल सर्व सम्मति से आगे बढ़ाएं। इसलिए मैंने आज देश की नारी शक्ति के नाम आज सभी बहनों के लिए एक पत्र लिखा है।
- **देश की ताकत बन रही बेटियां:** पीएम ने कहा कि देश की बेटियां भारत निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर मुश्किल समय में महिलाओं को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए प्रयास जारी हैं।
- टूरिज्म बना कमाई का सबसे बड़ा जरिया: पीएम ने कहा कि टूरिज्म बढ़ने से हर वर्ग को कमाई का मौका मिलता है। होटल, टैक्सी, दुकानदार सभी को लाभ होता है। उत्तराखंड अब विंटर टूरिज्म और स्पोर्ट्स का बड़ा केंद्र बन रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।
- **नए कॉरिडोर खोलेंगे तरक्की के रास्ते:** पीएम ने कहा कि एक्सप्रेसवे और इकोनॉमिक कॉरिडोर विकास के गेटवे हैं। इससे समय और खर्च दोनों कम होंगे। रोजगार बढ़ेगा और किसानों की उपज तेजी से बाजार तक पहुंचेगी, जिससे पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
- **देवभूमि को गंदगी से बचाना जरूरी:** पीएम ने देवभूमि को साफ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक और कचरे से बचना जरूरी है। कुंभ और नंदा देवी राजजात यात्रा को देखते हुए सभी को मिलकर इन जगहों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना होगा।
- **आने वाली पीढ़ी के लिए बड़ी तैयारी:** पीएम ने कहा कि सड़क, रेल और एयरवे देश की भाग्य रेखाएं हैं। यह सिर्फ आज की सुविधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेश है। सरकार लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है ताकि देश की प्रगति जारी रहे।

# नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल, पुलिस से झड़प, पथराव

## 15 कंपनियों की फोर्स, 26 पुलिस अफसर भेजे, राहुल बोले, ये श्रमिकों की आखिरी चीख

जन एक्सप्रेस। गौतमबुद्धनगर

नोएडा, यानी गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया। फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। मंगलवार को ज्यादातर कंपनियां बंद रहीं। डीजीपी राजीव कृष्ण लखनऊ के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे। कहा, क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई भी उपद्रवियों से कराई जाएगी। वहीं, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा, अब तक 300 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। अफवाह फैलाने वाले कुछ ग्रुप आइडेंटिफाई किए गए हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जो अलग-अलग जगहों पर भी पाए गए हैं। 50 एक्स हैंडल के जरिए हिंसा के लिए उकसाया गया।



### राहुल बोले, हर आवाज को अनसुना किया गया



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी, जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। इससे पहले, नोएडा में सोमवार को अलग-अलग इलाकों में फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे 42 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतर आए। 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की। 50 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दीं। 150 वाहन तोड़ दिए। पुलिस पर पथराव किया था।

### नोएडा में हालात पूरी तरह सामान्य: डीजीपी राजीव कृष्ण

नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन को लेकर यूपी के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि जिले में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। कहीं भी कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और लगातार हालात पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस को सोशल मीडिया, मीडिया और यूपी-112 के जरिए लगातार इनपुट मिल रहे हैं। हर सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने पहले ही एक हाई-पावर कमेटी का गठन किया था, जिसने मौके पर पहुंचकर सभी पक्षों से बातचीत की और अपनी घोषणाएं भी कर दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री श्रमिकों के प्रति संवेदनशील हैं और उनकी उचित वेतन से जुड़ी मांगों पर निर्णय लिया गया है। कुछ व्यक्तियों और समूहों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई, जिनके खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक और सीसीटीवी सबूतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने श्रमिकों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें, किसी के बहकावे में न आएं और प्रशासन का सहयोग करें।

### मजदूरों की सैलरी बढ़ाई गई

नोएडा में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन को लेकर यूपी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सरकार ने मजदूरों की मांगों को पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव (वित्त) ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी है कि मजदूरों की सैलरी 13,000 रुपए से बढ़ाकर 16,668 रुपए कर दी गई है।राजभर ने कहा कि कई लोगों को इस फैसले की जानकारी नहीं है, इसी वजह से विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कुछ शरारती तत्व, जो विपक्षी दलों से जुड़े हैं, इस मामले को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मजदूरों के हित में फैसला लिया है और जैसे ही यह जानकारी सभी तक पहुंच जाएगी, आंदोलन अपने आप खत्म हो जाएगा।

### एमपी का वीडियो नोएडा बताकर फैलाया गया, पुलिस ने बताया फर्जी

नोएडा पुलिस भ्रामक वीडियो का फैक्ट चेक कर उनका खंडन कर रही है। ऐसा ही एक मामला मध्यप्रदेश के शहडोल जनपद के बुढार थाना क्षेत्र का है। यहां एक युवक द्वारा नशे की अवस्था में हंगामा किए जाने की घटना के वीडियो को भ्रामक रूप से जनपद गौतमबुद्ध नगर की घटना बताकर कुछ सोशल मीडिया एकाउंट से प्रसारित किया जा रहा है। नोएडा पुलिस ने कहा, वीडियो पूरी तरह से असत्य एवं भ्रामक है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की सूचना/वीडियो को साझा करने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें।

### गोरखपुर के आईओसीएल के सीबीजी प्लांट पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

गोरखपुर के गोला क्षेत्र में आईओसीएल की ओर से संचालित कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारी गेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। अम्बेडकर जयंती पर प्लांट आज बन्द है। कर्मचारी वेतन वृद्धि और यात्रा भत्ता की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन को 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उसके बाद कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि आज अवकाश है। कुछ कर्मचारी गेट पर आए हैं। एसडीएम को उनसे बातचीत करने को कहा गया है। डीएम ने कहा कि कल से प्लांट में काम होगा।

### बृजभूषण सिंह बोले, मजदूरी बहुत कम, इतने में कोई जी नहीं सकता

पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गोंडा में कहा- मजदूरों की मजदूरी बहुत कम है। मजदूर गांव छोड़कर शहरों में जाते हैं, इसलिए मजदूरी थोड़ी बढ़ाई जानी चाहिए। 12,000 रुपए सम्मानजनक मजदूरी नहीं है, इसमें आदमी जी भी नहीं सकता। उन्होंने कहा- मान लीजिए अगर किसी मजदूर को 11-12 हजार रुपए मिलते हैं, तो 3-4 हजार रुपए कमरे पर खर्च हो जाते हैं। इसके बाद भोजन निकाल लीजिए। अगर बहुत सामान्य भोजन करें तो 3-4 हजार रुपए उस पर खर्च हो जाते हैं। अगर बीमार हो जाए तो सब पैसे खत्म हो जाते हैं। पूर्व भाजपा सांसद ने कहा- ऐसा लगता है कि इनकी मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। देखिए भाई, मैं बहुत ज्यादा बवाल में पड़ने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मेरा मानना है कि मजदूरों की मजदूरी थोड़ी बढ़नी चाहिए।

### नोएडा डीएम बोलीं, मजदूरों को ओवरटाइम करने पर डबल वेतन मिलेगा

नोएडा डीएम मेधा रूपम ने कहा- श्रमिकों की सबसे प्रमुख मांग वेतन बढ़ोतरी को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ श्रमिकों के हित में कई अहम निर्देश जारी किए गए हैं। अब सभी श्रमिकों का वेतन हर महीने की 10 तारीख से पहले सीधे उनके बैंक खाते में आएगा। बोनस का भुगतान हर साल नवंबर से पहले किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ओवरटाइम करने पर श्रमिकों को डबल वेतन मिलेगा। साप्ताहिक अवकाश के दिन काम करने पर भी दोगुना भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा सभी कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न निवारण समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता महिलाएं करेंगी।

### सोशल मीडिया पर चैट और ऑडियो वायरल

सोशल मीडिया पर कई इंस्टाग्राम चैट और ऑडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें श्रमिकों से एकजुट होने की अपील की जा रही है। कहा जा रहा है कि लाठीचार्ज के बाद श्रमिकों से साथ में मिर्ची पाउडर लाने की भी अपील की गई। जब तक सुनवाई नहीं होगी, तब तक हड़ताल का भी आवाहन किया गया है।

### कुशल श्रमिकों को 16868 रुपए मिलेंगे



हाई पावर्ड कमेटी के प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईआईडीसी दीपक कुमार ने कहा- श्रमिकों को तीन श्रेणियों कुशल, अर्धकुशल और अकुशल में बांटा गया है। साथ ही जिलों को भी तीन कैटेगरी में रखा गया है। गौतमबुद्धनगर-गाजियाबाद, अन्य नगर निगम वाले जिले और अन्य जनपद। नोएडा-गाजियाबाद में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 से बढ़ाकर 13,690 रुपए की गई है। अन्य नगर निगम में यह 13,006 और अन्य जनपदों में 12,356 रुपए तय की गई है। अर्धकुशल श्रमिकों की मजदूरी नोएडा-गाजियाबाद में 15,059, अन्य नगर निगम में 14,306 और अन्य जनपदों में 13,591 रुपए कर दी गई है। कुशल श्रमिकों के लिए नोएडा-गाजियाबाद में मजदूरी बढ़ाकर 16,868, अन्य नगर निगम में 16,025 और अन्य जनपदों में 15,224 रुपए की गई है।

# लखनऊ में अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण को लेकर बवाल, हवाई फायरिंग, एसयूवी तोड़ी, तीन लोग घायल



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बंथरा के शिवपुरा अंबेडकरनगर इलाके में बौद्ध प्रार्थना से पहले ही प्रतिमा पर माल्यार्पण करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, हंगामा और पथराव हुआ। इस दौरान कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग भी की। नाराज लोगों ने पंचायत प्रतिनिधि की एसयूवी भी तोड़ दी। गांव में हुए इस संघर्ष से अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों से तीन लोगों को चोट भी लगी। भारी पुलिस बल के पहुंचने पर स्थिति को काबू में किया गया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ बंथरा पुलिस से लिखित शिकायत भी की है। अंबेडकर नगर में हर बार की तरह इस बार भी अंबेडकर मूर्ति स्थल के पास अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम होना था। वहां के रहने वाले करन गौतम, विशाल गौतम और अमरेंद्र चौधरी कार्यक्रम की व्यवस्था कर रहे थे। इस बीच सुबह दस बजे चार लग्जरी गाड़ियों से बंथरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत रावत अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंचे। उस वक्त अंबेडकर स्थल का गेट बंद था। आरोप है कि उन लोगों ने गेट खोला और अंदर पहुंच गए और माल्यार्पण करने की बात कहने लगे। वहां मौजूद अमरेंद्र चौधरी, विशाल गौतम और करन गौतम ने बुद्ध वंदना के बाद माल्यार्पण किए जाने की बात कही तो चेयरमैन प्रतिनिधि और उनके समर्थक समय न होने की बात कही।

### आधे घंटे तक चला बवाल

कुछ ही देर में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व अंबेडकर नगर के ही रहने वाले अभिषेक प्रियदर्शी वहां पहुंचे और बिना बुद्ध वंदना के माल्यार्पण किया देख नाराज हो गए। विवाद इतना बढ़ गई कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडा, ईंट और सरिया के साथ ही पथराव शुरू हो गया। इस बवाल में कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग भी की। बवाल की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंचा और किसी तरह मामले को शांत कराया। पुलिस को घटनास्थल से .32 बोर के दो कारतूस मिले, जिसे कब्जे में ले लिया है। इस दौरान दोनों पक्षों से तीन लोगों करन गौतम, विशाल गौतम और आकाश को चोट लगी। पुलिस ने तीनों का सीएचसी सरोजनीनगर में मेडिकल कराया।

### दोनों पक्ष से कुछ लोग हिरासत में

इस पूरे मामले में एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि माल्यार्पण को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। दोनों तरफ से कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। गांव में स्थिति सामान्य है। घटना कुछ के बाद प्रस्तावित कार्यक्रम भी सकुशल पूरा हुआ।

## वाराणसी में लखनऊ एटीएस की टीम का छापा

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

लखनऊ में संदिग्ध गतिविधियों और टेरर फंडिंग के खुलासे के बाद एटीएस की जांच अब वाराणसी तक पहुंच गई है। मंगलवार सुबह एटीएस की टीम ने आदमपुर थाना क्षेत्र के ओंकारेश्वर इलाके में एक चिकित्सक के आवास पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम ने घर में मौजूद सभी सदस्यों के मोबाइल फोन, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अपने कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार, एटीएस ने परिवार के सदस्यों से गहन पूछताछ की।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की वृंदावन से लौटते वक्त तबीयत बिगड़ी, जेवर के अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। जेवर

जेवर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती की तबीयत वृंदावन से लौटते समय खराब हो गई। उन्हें तत्काल जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मिलने पहुंचे भाजपा नेता

उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे। बुलंदशहर अनूपशहर के विधायक संजय शर्मा भी अस्पताल पहुंचे।



रबूपुरा नगर पंचायत के अध्यक्ष शशांक सिंह भी उमा भारती का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे। इनके अलावा, अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने भी उमा भारती से मुलाकात की।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास चित्रकूट में मंगलवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण और माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

इस मौके पर सुनील कुमार यादव कार्य अधिकारी, राकेश कुमार अभियंता, विश्वजीत यादव, इंद्रपाल प्रशासनिक अधिकारी, संजय सिंह राणा वरिष्ठ पत्रकार, ग्राम प्रधान रानीपुर भट्ट, सी.पी. पाण्डेय कोर्स को ऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कलचिहा में कृष्ण कुमार सिंह पूर्व राज्य मंत्री गौ सेवा आयोग, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मानिकपुर में विनोद चंद्र द्विवेदी प्रतिनिधि नगर पंचायत मानिकपुर, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सरधुआ मे जगदीश प्रसाद गौतम क्षेत्रीय संयोजक एवं शंकर दयाल निषाद मंडल अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद के राजकीय संप्रेक्षण ग्रह किशोर में बाबा साहब अंबेडकर का जन्मदिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सिंह ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संचालन करते हुए योगाचार्य संजय कुमार ने सभी किशोरों को संविधान और बाबा साहब के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी को मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया। अंत में योगाचार्य ने सभी को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम में शिक्षक मानवेंद्र मिश्रा, उमेश श्रीवास्तव, भरत मिश्रा, कंप्यूटर शिक्षक राजबहादुर सिंह, आरक्षी रामकैलाश, मनीष कुमार, रणवीर, अजीत कुमार, संस्था कर्मचारी दिलीप कुमार व लवलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मऊ नगर पंचायत में अंबेडकर जयंती पर निकाला गया भव्य जुलूस

**मऊ/चित्रकूट ।** जनपद के मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस मंगलवार को 5 बजे अनुसूचित जाति बस्ती से शुरू हुआ और पूरे नगर में घुमाया गया। जुलूस अनुसूचित बस्ती से प्रारंभ होकर शिवपुर चैराहा, मऊ बस स्टैंड, पावर हाउस तक पहुंचा। इसके बाद यह बाजार रोड, जमुना रोड से होते हुए पुनः अनुसूचित बस्ती में समाप्त हुआ। इस आयोजन में उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन और मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं और बच्चियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जुलूस में घोड़े, डीजे, रथ और विभिन्न प्रकार के नाच-गाने शामिल रहे। सभी ने नाचते गाते नगर भ्रमण किया। अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए उप जिलाधिकारी, मऊ थाना प्रभारी प्रकाश यादव और उनकी टीम सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसी प्रकार के जुलूस बरगढ़, लालता रोड और रामनगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी निकाले गए।

# सरीला में अवैध खनन का खेल! प्रतिबंध के बावजूद पोकलैंड मशीनों से मोरम की लूट

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



देखिये! तस्वीरें दे रही हैं, चीख-चीखकर भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से खुलेआम मोरम का अवैध खनन करने की गवाही। जी हाँ! ये है, सरीला तहसील का इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड- 25/9, जिसके बेखौफ और बेलगाम पट्टाधारक ए0एन0 बिल्डर और संचालक को नहीं है, बाबा के बुलडोजर का डर। जबकि खण्ड के पट्टाधारक शासन प्रशासन की रोक और मनाही के बावजूद भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में मोरम का अवैध खनन कर एनजीटी के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उडाने के साथ ही लाखों के राजस्व का लगा रहे हैं चूना। वही खनिज विभाग के जिम्मेदार मोरम का अवैध खनन करने वाले इस दबंग पट्टाधारक के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय उसे जांच में क्लीन चिट देकर करते हैं, ईनाम देने का काम। सूबे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती जबकि जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की रोक के बावजूद सरीला तहसील के इछौरा-झिटकरी मोरम खण्ड- 25/9 के बेखौफ और बेलगाम पट्टाधारक ए.एन. बिल्डर्स सहित खण्ड संचालक एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही ट्रकों में ओवर लोडिंग कर एक तरफ तो उडा रहे हैं नियम कानूनो की खुलेआम धज्जियाँ, वही दूसरी तरफ शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, जबकि मोरम का अवैध खनन रोकने के लिये शासन से नियुक्त किये गये खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खण्ड में जाकर पट्टाधारक के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय अपने निजी स्वार्थ के लिये उसे क्लीन चिट देकर बेगुनाह साबित करने का देते हैं इनाम। वहीं इस खण्ड में किये जा रहे मोरम के अवैध खनन की खबरें न छापने की शर्त पर पट्टाधारक अपने मैनेजर के जरिये नगर के एक नामचीन कूल कैफे से हर महीने की 15 से 20 तारीख को जिम्मेदारों को लाईन लगाकर दक्षिणा देते (मैनेज) करते कभी भी देखे जा सकते हैं।

# अग्निशमन दिवस पर अपर एसपी ने अग्निशमन जागरुकता रैली को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । बांदा



अग्निशमन दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा फायर सर्विस स्टेशन शहर से अग्निशमन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । गौरतलब हो कि प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को पूरे भारत में अग्निशमन दिवस मनाया जाता है ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अग्निशमन जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले विशेष अग्निशमन जागरुकता सप्ताह के द्वारा अग्निशमन कर्मियों द्वारा आज जनमानस को आग से बचाव संबंधी सुरक्षा उपायों के बारे में जागरुक किया जायेगा ।इस दौरान अग्निशमन सेवा द्वारा विभिन्न होटलों, ढाबों, अस्पतालों, बैकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, स्कूलों, कालेजों आदि स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा ।इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक श्लोक गौतम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मतलूब हुसैन आदि उपस्थित रहे ।

क्यों मनाया जाता है अग्निशमन दिवस ? 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर एक भयानक और दर्दनाक हादसा हुआ । मुम्बई बंदरगाह पर फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था । मालवाहक जहाज में रूई की गाठें, बिस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, उसमें अकस्मात भयानक आग लग गयी । मुम्बई के अग्निशमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे इसी वक्त आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण भयानक विस्फोट हुआ और मुम्बई नगरी ही नहीं पुरा देश हिल गया क्योंकि आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे । इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस (फायर डे) मनाया जाता है और 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है जिसमें शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है, फायर सेफ्टी की शपथ ली जाती है व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

## चरका खदान में ट्रैक्टर चालक को अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंदा,मौत!

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मरका थाना क्षेत्र के चरका खदान में ट्रैक्टर चालक को अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंद डाला जिससे ट्रैक्टर चालाक की मौके पर मौत हो गई जिससे घटना को देखते हुवे परिवार में कोहराम मच गया।फतेहपुर जनपद के राधा नगर थाना क्षेत्र के बलियापुर गांव के रहने वाले सुरेंद्र साहू पुत्र शिव कुमार साहू उम्र करीब 26 वर्ष यह बीती रात्रि अपने ट्रैक्टर मालिक के साथ मरका थाना क्षेत्र के चरका गांव के यमुना नदी खदान पर गया था। तभी लोगों के अनुसार ट्रैक्टर खड़ा करके सड़क के किनारे सो रहा था। तभी कोई अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंदते हुए निकल गया,जैसे ही मंगलवार की सुबह लोगों ने देखा तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू सुबह करीब 07-00 बजे लेकर पहुंचे,जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू पहुंचे, और जहां देखा तो पूरे परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# दीनदयाल शोध संस्थान के प्रकल्पों में मनाई गई बाबा साहेब की 135 वीं जन्म जयंती

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती मनाई गई। इसके अलावा पद्म विभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, सचिव अपराजित शुक्ला, डॉ ओमप्रकाश सोनी एवं सभी प्रकल्पों के प्रभारी सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आशा का संगीत अमर है और उनकी आवाज हमेशा लोगों के दिलों में गूंजती रहेगी। उनकी गायकी ने हर पीढ़ी को प्रभावित किया है और आगे भी करती रहेगी। सभागार में मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

बाबा साहेब की जयंती पर बोलते हुए महाजन ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब की सामाजिक समानता, न्याय और ज्ञान का प्रतीक है। यह दिवस अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों के अधिकारों, शिक्षा के महत्व और जाति मुक्त समाज के उनके दृष्टिकोण को याद करने और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए समर्पित है। यह दिवस सामाजिक समरसता का संदेश देता है साथ ही समाज में समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। हम सभी बाबा साहेब के मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएं। राष्ट्रऋषि नानाजी सदैव संगठित, सामाजिक समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों की बात करते थे एवं दीनदयाल शोध संस्थान भी इन्ही उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहा है। वहीं एक अन्य कार्यक्रम कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित तथा दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती परमानन्द आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां में मनाई गई। जिसमें विद्यालय के प्रमुख संतोष कुशवाह, जन शिक्षण संस्थान के परियोजना समन्वयक बनारसी लाल पाण्डेय, प्रभाकर मिश्रा, जन्मजेय पांडेय सहित विद्यालय के बच्चों की सहभागिता रही। कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय मझगवां, रामनाथ आश्रमशाला विद्यालय पीली कोठी, कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां व गनीवां सहित संस्थान के सभी प्रकल्पों में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

# अंबेडकर जयंती पर नागरिक सुरक्षा कोर ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयती के अवसर पर मंगलवार को नागरिक सुरक्षा कोर, चित्रकूट द्वारा एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मानवता की सेवा और रक्तदान महादान के संकल्प के साथ जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कोर के उप नियंत्रक अजय कुमार ने रक्तदान कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस शिविर में नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक अस्मिता सिंह, ज्ञान चन्द्र, अनिल कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कैश कुमार, गंगासागर, सुन्दर लाल, आलोक कुमार, विवेक सिंह, रेणुका यादव, श्रद्धा देवी, पिंकी देवी, पूनम देवी आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे। अमन कुमार, दीपक कुमार स्टाफ द्वारा रक्तदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ चन्द्रशेखर अपर जिलाधिकारी द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ साथ किया गया। इस अवसर पर स्वप्निल यादव अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अजय कुमार डिप्टी कलेक्टर उप नियंत्रक और कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त कर्मचारी एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक मौजूद रहे। शिविर में नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन, स्वयंसेवकों और कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेडिकल टीम के डॉ. कमल त्रिवेदी तथा रक्त कोष के लाइजन अधिकारी शंकरदीन की देखरेख में सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहित किया गया। तथा होमगार्ड विभाग की कम्पनी कमाण्डर कमलेश कुमार सिंह तथा होमगार्ड स्वयंसेवकों की उत्साहजनक भागीदारी रही। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र और जलपान प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की अपर जिलाधिकारी द्वारा सराहना की गई।

इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा कोर के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था, और उनके जन्मदिवस पर रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य मानकों और स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा गया। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, समस्त स्टाफ, वार्डन, स्वयंसेवक और समस्त कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक कुमार त्रिपाठी, सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा किया गया।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गयी अंबेडकर जयंती

**चित्रकूट।** भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। जिला महामंत्री विपुल प्रताप के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। जिसमें जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा है। उनका योगदान केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने समाज में शिक्षा, अधिकार और समानता की नई चेतना जगाई। जिला प्रभारी डॉ. अनिल यादव ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर मूर्ति विकास योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत हर विधानसभा में अंबेडकर की प्रतिमाओं और पार्कों का सुंदरीकरण और बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा और प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहब की प्रतिमाओं पर छत्र लगवाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र ने कहा कि। बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा विदेश से प्राप्त की और समाज में शिक्षा के महत्व को स्थापित किया। उन्होंने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया।

## बाबा साहब ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया: प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** संविधान निर्माता भारतरत्न बाबासाहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर भाजपा के हर बूथ पर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनकी मूर्ति एवं चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अपनी विधानसभा के ग्राम पंचायत गोखरही में बाबासाहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी स उन्होंने कहा कि डा अम्बेडकर ने समता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यो से भारत के नव निर्माण की नींव को मजबूत किया सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने शहर के जजी चौराहा स्थित मूर्ति में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी उन्होंने कहा कि गरीबों व वंचितों के उत्थान के लिए एक राष्ट्र की परिकल्पना करने वाले बाबा साहब ने समाज के वंचित लोगों को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि संविधान, सामाजिक न्याय और

# लावारिस बच्ची को चाइल्ड लाइन टीम को किया गया सुपुर्द

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के कुशल निर्देशन में चल रही चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 द्वारा बीते 12 अप्रैल को चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में एक 2.5 वर्षीय अबोध बालिका को संरक्षित किया गया। लगभग 6 बजे चाइल्ड लाइन प्रभारी राजेंद्र ने चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक को फोन पर बताया कि एक 2.5 वर्ष की बच्ची स्टेशन में मिली है। चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी ने तत्काल सुपरवाइजर काजल सिंह को बच्ची को अपनी सुपुर्दगी में लेने के लिए भेजा और स्वयं मौके पर पहुंचे। रेलवे स्टेशन में बने कंट्रोल रूम में लालजी सीसीटीवी फुटेज देखने पर बालिका अपने मां के आस पास खेलती हुई दिखाई दी। स्टेशन में मशीन द्वारा टिकट बेचने वाले मुकेश ने पूछताँछ के दौरान बताया कि यह बच्ची टिकट विंडो के पास अपने मां के साथ खेल रही थी और बच्ची की मां ने बच्ची को सुलाने के बाद मुझसे ग्वालियर का टिकट लिया था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर टिकट लेने के बाद बच्ची की मां कहीं नजर नहीं आई। बच्ची को लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सी.डब्ल्यू.सी. अध्यक्ष राकेश माथुर के आवास पर गई। अध्यक्ष द्वारा बच्ची को राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित करने का आदेश पारित किया गया। आदेश का पालन करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक विशेष कुमार त्रिपाठी एवं काजल सिंह द्वारा बच्ची को मेडिकल के बाद आवासित करा दिया गया। बच्ची के परिजनों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। यदि बालिका की माँ या परिवार की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना 1098 पर, या बाल कल्याण समिति के समक्ष साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

# भाजपा, सपा, बसपा ने धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

जन एक्सप्रेस । बांदा



मण्डल ओरन के ग्राम पंचायत चंद्रायल स्थित अम्बेडकर पार्क में भाजपा मण्डल अध्यक्ष आशीष अनुरागी,मण्डल उपाध्यक्ष रजनीश पांडेय, मण्डल सह मिडिया प्रभारी राजा भइया रैकवार, शक्ति केंद्र संयोजक राजाबाबू भदौरिया,सुरेन्द्र अनुरागी, हेमराज वर्मा, सुशील कोटार्य, आनन्द कबीर आदि कार्यकर्ताओं ने। बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। कस्बे की अंबेडकर पार्क में बसपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। दूसरी ओर अंबेडकर पार्क छनिहा पुरवा में बाबा साहेब अम्बेडकर की 135 वीं जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रहे।इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्रा अलावा सैकड़ों शिक्षक व हे हजारों लोग उपस्थित रहे विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।सांसद कृष्णा देवी पटेल ने कहा कि बाबा साहेब किसी खास के लिए काम नहीं किया उन्होंने पूरी मानवता के लिए काम किया है। महेंद्र सिंह वर्मा ने कहा की बाबा साहेब की विचारधारा सम्पूर्ण विश्व स्वीकार कर रहा है जिन्होंने बाबा के सिद्धांत अपनाया वो देश सभी तरह से सम्पन्न है। समारोह को सौरभ यादव भूरेलाल यादव डा मधुसूदन कुशवाहा तथा अन्य ने सम्बोधित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आयोजन उत्तरा, इन्द्रपाल ,विमल ग्राम प्रधान कुल्लू खेड़ा, संचालन अजय कुमार साहू शिक्षक ने किया।

## जनपद में योगी सरकार की ओडीओपी योजना का धमाका

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी एक जनपद-एक उत्पाद योजना जिले के लिए वरदान साबित हो रही है। पिछले 9 वर्षों में इस योजना ने न केवल जनपद की सूरत बदली है। बल्कि यहां के जो स्थानीय हुनर हैं उनको भी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहचान दी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनपद में उत्पाद के तहत 278.16 लाख रूपए की लागत से कई परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।योगी सरकार के विजन का ही परिणाम है कि जिले के 24 बेरोजगार युवा अब खुद की इकाइयां स्थापित कर उद्यमी बन चुके हैं।इन परियोजनाओं के जरिए जिले में रोजगार की नई उड़ान भी देखने को मिली है। जिससे 109 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम मिला भी है। जिसके चलते स्थानीय स्तर पर पलायन रोकने में भी मदद मिली है। बड़ी बात यह है कि इस योजना का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

# सुरों के महासंग्राम का भव्य आयोजन,बुंदेली लोक गायन की कला ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

जन एक्सप्रेस । बांदा




बबेरू कस्बे में बुंदेली संस्कृति और पारंपरिक गायन के संरक्षण को समर्पित दो दिवसीय गायन प्रतियोगिता सुरों का महा संग्राम कस्बे के श्री मैरिज हाल, बबेरू में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। गायिका ज्योति पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र व अन्य जनपद के संगीत प्रेमियों को एक अनूठे और सांस्कृतिक अनुभव से सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक विरासत को मिला नया मंच 12 और 13 अप्रैल को आयोजित इस महाकुंभ में बुंदेलखंड के विभिन्न जगहों से आए कलाकारों ने सुगम और पारंपरिक बुंदेली गायन शैलियों की शानदार प्रस्तुति दी। आयोजक ज्योति पटेल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती बुंदेली विधाओं को बचाना और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था, जिसमें वे पूरी तरह सफल रहीं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद कृष्णा देवी व पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही हमारी मिट्टी की खुशबू और लोक कलाएं जीवित रहती हैं।उर्मिला पाण्डेय की प्रस्तुति राष्ट्रपति अवार्ड (2019) से सम्मानित लोकगायिका उर्मिला पाण्डेय ने अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया। जिसमे गायन मे स्वेता प्रजापति ने प्रथम अतुल पटेल चित्रकूट का द्वितीय, शेषमन चित्रकूट का तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी तरह बुदेली गायन प्रथम स्थान दीपांशी बबेरू, द्वितीय स्थान रामसेवक पटेल छतरपुर,तृतीय स्थान तारावती चित्रकूट ने प्राप्त कर विजेता बनी।आयोजन समिति बबेरू ने कार्यक्रम की अपार सफलता पर खुशी जाहिर की है। दो दिनों तक चले इस सांस्कृतिक महोत्सव में भारी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने कलाकारों का हौसला अफजाई किया ।स्थानीय लोगों का कहना है कि बबेरू के इतिहास में बुंदेली कला को बढ़ावा देने का काम किया कार्यक्रम का संचालन राकेश सोनी व समर सिंह ने किया।इस दौरान जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष शालनी सिंह पटेल,ब्लाक प्रमुख रमाकान्त पटेल, पीसी पटेल, ग्राम विकास अधिकारी प्रभाकर पटेल,सहित गणमान्य लोग व सैंकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे,आए हुए अतिथियों दर्शकों प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया है।



**जाति से ऊपर उठें, अमीर-गरीब की खाई...**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को लोगों से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर एक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अब 'अमीर और गरीब' के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डॉ. बी.आर... पढ़ें पेज 12 पर...

# पश्चिम यूपी के लिए गेमचेंजर होगा

## दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/सहारनपुर




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून की दूरी काफी कम समय में पूरी की जा सकेगी। सीएम ने कॉरिडोर के लोकार्पण को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय किसानों के उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी से होते हुए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करते हुए 'डबल इंजन' सरकार की विकास दृष्टि को साकार करती है।

### कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कर-कमलों से दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून कॉरिडोर का लोकार्पण होना प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचएआई के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के बन जाने से सहारनपुर से दिल्ली व देहरादून तक का सफर तेजी से पूरा किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कॉरिडोर के माध्यम से सहारनपुर के वुडवर्क समेत शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ व बागपत में बनने वाले विभिन्न उत्पादों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जैसे मेरठ स्पोर्ट्स गुड्स निर्माण का केंद्र है, यह क्षेत्र मेहनती अन्नदाता किसानों का है। सरकार इस क्षेत्र में गन्ना, फल-सब्जी व विभिन्न खाद्यान्न उत्पादन को आगे बढ़ा रही है। अब इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में इन सभी उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने का एक उत्कृष्ट माध्यम प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत विकास, सुशासन और सेवा का जो मॉडल स्थापित कर रहा है, उसे हम इस इकोनॉमिक कॉरिडोर के माध्यम से भी देख सकते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रभारी मंत्री सुनील शर्मा, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

### महापुरुषों के सम्मान में होंगे विशेष कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर हम सबके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारने वाले संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की आज 135वीं पावन जयंती है। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को चाहे वह किसी जाति का हो, किसी संप्रदाय का हो, किसी क्षेत्र का रहने वाला हो, महिला हो, पुरुष हो, बुजुर्ग हो या नौजवान, सभी को समान अधिकार देकर एक सशक्त भारत की नींव रखी। बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री जी ने देश में 'पंचतीर्थ' का निर्माण कराया। उनकी प्रेरणा से हमारी सरकार ने भी तय किया है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सद्गुरु रविदास जी महाराज, महर्षि वाल्मीकि समेत सामाजिक न्याय के प्रणेता महापुरुषों की जहां-जहां मूर्तियां स्थापित हैं, वहां यदि बाउंड्री वॉल या मूर्ति के ऊपर छत नहीं है तो सरकार आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर इन कार्यों को पूर्ण कराएगी। इस कार्य की शुरुआत होने जा रही है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को एक सूत्र में जोड़ते हुए प्रधानमंत्री जी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाता है।

### बड़े से बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में कोई दुविधा नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा, सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनकर उभरा है। 'डबल इंजन' सरकार की ताकत क्या होती है, यह आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। चाहे उत्तराखंड हो, उत्तर प्रदेश हो या दिल्ली, अब बड़े से बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में कोई दुविधा नहीं है। आज सहारनपुर में मां शाकुंभरी के नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित हो चुका है। सरसावा में सिविल टर्मिनल समेत एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। अब सहारनपुर का कोई नौजवान यदि फिल्मों में अपना करियर बनाना चाहता है तो जेवर में फिल्म सिटी का निर्माण भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह क्षेत्र भी अपनी प्रतिभा को समाज के सामने प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम है।

### समाज को बांटने वाले विकास के बारे में नहीं सोच सकते

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विकास होता है, तो उसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। मैं देख रहा था कि मां शाकुंभरी कॉरिडोर कितना भव्य बन रहा है। नवरात्रि से ठीक पहले मैं उसका निरीक्षण करने के लिए आया था। यह तभी संभव होता है, जब ऐसी सरकार हो जो विरासत का संरक्षण भी करती हो और विकास कार्यों को बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके आगे बढ़ाती हो। जो लोग समाज को बांटने का काम करते हैं, जाति के नाम पर, परिवारवाद के नाम पर, जो वैमनस्यता फैलाते हैं, वे कभी विकास के बारे में नहीं सोच सकते। जिन लोगों ने समाज को विभाजित किया, जो अराजकता में विश्वास रखते हैं, जिन्होंने प्रदेश की पहचान पर संकट खड़ा किया, माफियाओं को प्रश्रय दिया और दंगों-कर्फ्यू को बढ़ावा दिया, उनसे यह उम्मीद करना कि वे विकास करेंगे, नौजवानों को रोजगार देंगे या किसानों के लिए काम करेंगे, अपने आप में एक दिवास्वप्न है।

### क्लस्टर विकसित करने पर जोर

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने सहारनपुर, मेरठ और बागपत में सुदृढ़ इंडस्ट्रियल व हाउसिंग क्लस्टर विकसित करने का निर्देश दिया है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यहां के कृषि उत्पादों को न केवल देश की राजधानी लखनऊ और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक, बल्कि गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़कर आगे वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे हमारे अन्नदाता किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।

### विकास की रफ्तार और विरासत का संरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बाबा साहेब की पावन जयंती पर सहारनपुर वासियों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से यह कॉरिडोर प्राप्त हो रहा है। पहले यह मार्ग अत्यंत कठिन हुआ करता था। डाट काली मां के स्थान से जुड़ा यह मार्ग अक्सर अवरुद्ध हो जाता था। बरसात के दिनों में तो पूरा आवागमन ठप हो जाता था। देहरादून के लोग इधर नहीं आ पाते थे और सहारनपुर सहित अन्य जनपदों के लोग इस मार्ग से देहरादून नहीं पहुंच पाते थे। उन्हें हरिद्वार वाले मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। इसीलिए आज हम सब यहां प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एकत्र हुए हैं। विकास की रफ्तार और विरासत का संरक्षण, दोनों को साथ लेकर डबल इंजन सरकार बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

# मायावती बोलीं, बसपा के उदय होने से बहुजन समाज को मिला 27 फीसद आरक्षण, इसलिए ये सरकार बनना जरूरी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं के नाम अपने संदेश में कहा कि बहुजन समाज का हित बसपा सरकार बनने पर ही सुरक्षित है। डॉ. आंबेडकर ने बहुजन समाज को वोट का अधिकार दिलाया तो बसपा के उदय के बाद बहुजनों को 27 फीसद आरक्षण का लाभ मिला। इसके बावजूद बहुजनों का अन्याय और शोषण जारी है। इसका निदान बसपा सरकार बनने पर ही होगा। बसपा सुप्रीमो ने पार्टी कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद कहा कि देश की सत्ता में सामंती व जातिवादी सोच वालों तथा शोषणकारी तत्वों के हावी रहने के कारण बाबा साहेब का मानवतावादी, सर्वजन-हितैषी व बहुजन-कल्याणकारी संविधान अपने पवित्र उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल नहीं हो पा रहा है। ऐसा अनुपम संविधान होने के बावजूद भारत अभी तक स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व विकसित नहीं बन सका है। करोड़ों बहुजनों को गरीबी, बेरोजगारी, जातिवादी द्वेष व जुल्म-ज्यादती से मुक्ति नहीं मिल सकी है। केंद्र में रही विभिन्न पार्टियों की रही सरकारों ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने में लंबा वक्त लगाया। बसपा के रूप में बहुजन समाज की राजनीतिक शक्ति की उदय होने के बाद अंततः वीपी सिंह की गठबंधन सरकार में बाबा साहेब और नेल्सन मंडेला को भारत रत्न मिला। साथ ही ओबीसी समाज को मंडल आयोग की सिफारिश पर सरकारी नौकरी व शिक्षा के क्षेत्र में 27 प्रतिशत आरक्षण मिला।

### संवैधानिक जिम्मेदारी निभाएं

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि हर दुख को सह लेने की शक्ति होने का यह मतलब नहीं है कि सरकारें जनता को गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि की खाई से निकालने और उन्हें आत्मसम्मान का जीवन देने की संवैधानिक व कानूनी उत्तरदायित्वों को सही से न निभाएं। यह कार्य आंबेडकरवादी पार्टी बसपा के राज में ही संभव है। सरकार आंबेडकर जयंती पर बहुजन समाज की सुरक्षा, सम्मान व विकास आदि का आकलन भी करे, तभी इन वर्गों पर सरकार, सत्ताधारी पार्टी व सामंतों का जातिवादी शोषण व जुल्म का सिलसिला थमेगा।

### राजधानी में उमड़ा हुजूम

मायावती के निर्देश पर राजधानी के गोमतीनगर स्थित डॉ. बीआर आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर बसपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने अपने परिवार के साथ आकर नमन किया। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दोहराया। मायावती ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए यकीन दिलाया कि उनकी मेहनत रंग लाएगी।

# लखनऊ में महिला टप्पेबाजों का गैंग पकड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



ऑटो, टेंपो और ई रिक्शा यात्रियों को उलझाकर जेवर चोरी व टप्पेबाजी करने वाले महिला गैंग का खुलासा करते हुए कृष्णानगर पुलिस ने तीन महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की गई सोने की चेन, एक अंगूठी और पायल बरामद की गई है। डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद ने बताया कि कृष्णानगर इलाके में नवंबर 2025 से बीते मार्च माह के बीच टप्पेबाजी की तीन घटनाएं घटी थीं। इस मामले में कृष्णानगर पुलिस की एक टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे 600 से 700 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया और वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का पता लगाते हुए मंगलवार को डूडा कॉलोनी आशाराम बापू मार्ग मानसनगर से दुबग्गा सीतापुर बाईपास झुग्गी झोपड़ी निवासी शेषकला, उसके पति दयालाल, पूजा और गौरी देवी को गिरफ्तार किया। शेषकला, दयालाल और पूजा मूल रूप से नागपुर के रहने वाले हैं, जबकि आरोपी गौरी देवी बिहार के आरा की निवासी है।

### महिला दरोगा ने सादे कपड़े में एक हफ्ते तक रेकी की

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि इस गैंग का पकड़ने में कृष्णानगर थाने पर तैनात महिला दरोगा सिद्धि मिश्रा की सबसे अहम भूमिका रही। फुटेज मिलने के बाद उन्होंने सादे कपड़े में कई दिनों में घूम-घूम कर गैंग के बारे में पता किया। इसके बाद उन्होंने गैंग के निवास स्थान की पूरी रेकी कर जानकारी जुटाई और फिर पुलिस ने इस गैंग पकड़ा। एसीपी ने बताया कि शेषकला इस गैंग की लीडर है और पहले से उनके खिलाफ बख्शी का ताला, मड़ियांव, हरदोई, नाका में चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### बार-बार पता बदले देते थे

आरोपी पूछताछ में पुलिस को इस बात का पता चला है कि पुलिस से बचने के लिए आरोपी न सिर्फ अपना ठिकाना बदलते थे, बल्कि आधार कार्ड पर भी पता बदलवा लेते थे। ऐसे में इनको ट्रेस करना पुलिस के लिए मुश्किल होता था।

### उल्टी करने के बहाने या पिन चुभोकर वारदात को देते थे अंजाम

एसीपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह लोग ऑटो, टेंपो और ई रिक्शा में सफर करने वाले ऐसे वृद्धों को शिकार बनाते थे जो जेवर पहने होते थे। आरोपी महिलाएं उसी वाहन में सवार तो जाते थे, जिसमें पीड़ित बैठते थे। सफर के दौरान आरोपी महिलाएं उल्टी करने या पीड़ित को सेफ्टी पिन चुभोकर उनको उलझा कर जेवर चोरी कर लेते थे। आरोपी नागपुर से ट्रेन से लखनऊ व अन्य शहरों में जाकर इलाज के नाम पर या फेरी लगाने के बहाने से भीड़भाड़ वाले इलाके में वारदात को अंजाम देते थे।

# वेतन वृद्धि के लिए नोएडा में मजदूरों के प्रदर्शन की आंच राजधानी तक पहुंची, कर्मियों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी के नोएडा में वेतन वृद्धि को लेकर मजदूरों के प्रदर्शन की आंच राजधानी लखनऊ तक पहुंच गई है। सोमवार को मदरसन सूमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सरोजनीनगर में प्रदर्शन किया। बिजनौर रोड स्थित कंपनी के प्लांट पर सैकड़ों कर्मचारियों ने गेट के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि लंबे समय से उनकी मूलभूत मांगों की अनदेखी की जा रही है। इससे नाराज होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर बिजनौर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया। थाना प्रभारी कपिल गौतम ने कर्मचारियों से बात करके उनकी मांगों को प्रबंधन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना-प्रदर्शन रुका।

# अंसल मामले में एनसीएलएटी के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई कल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एक साल पहले अंसल कंपनी को दिवालिया घोषित किए जाने का राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का आदेश सही था या नहीं, इसको लेकर बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। अंसल को दिवालिया घोषित किए जाने से शहीद पथ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी हाईटेक कालोनी के करीब पांच हजार आवंटी परेशान हैं। एक साल पहले एनसीएलटी ने अंसल को दिवालिया घोषित कर दिया था। जिसके कारण आवंटियों ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में वाद दायर किया और यह आरोप लगाया कि कंपनी को दिवालिया घोषित करने से पहले उनका पक्ष नहीं सुना गया। इस मामले में सात जनवरी को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने एनसीएलटी के आदेश उस आदेश को खारिज तो नहीं किया जिसमें अंसल को दिवालिया घोषित किया गया था लेकिन एनसीएलटी को आवंटियों, एलडीए सहित अन्य का पक्ष सुनने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ आईएलएंडएफएस फाइनेंस कंपनी सुप्रीम कोर्ट गई थी जिस पर नौ अप्रैल को केस लगा था मगर सुनवाई का नंबर आने से पहले ही कोर्ट उठ गई थी। ऐसे में उस दिन सुनवाई नहीं हो पाई थी।

# अखिलेश यादव ने बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि, बोले, नोएडा की घटना सरकार की नाकामी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश में आज डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। प्रदेश में इस वर्ष आंबेडकर जयंती केवल स्मृति दिवस के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, जागरुकता और जनसंपर्क के व्यापक अभियान के रूप में मनाई जा रही है। राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बाबा साहेब को पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। कहा कि हजारों साल के संघर्ष के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। हमारा संविधान सम्मान और अधिकारों का आधार है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा संविधान बदलने की मंशा रखती है। संविधान बचाने के लिए यूपी की जनता का धन्यवाद है। संविधान कागज नहीं, लोहे की तलवार है। यह न्याय और सम्मान दिलाने वाला है। उन्होंने कहा कि नोएडा में जो कुछ हुआ, वह इस सरकार की नाकामी की वजह से हुआ। सरकार को इसकी जानकारी थी। इसके बावजूद इसे होने दिया गया। अगर, यह कोई साज़िश है, तो इसके लिए सीएम और भाजपा ज़िम्मेदार है। 2027 में भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी। हम सब मिलकर सामाजिक न्याय का राज स्थापित करने के लिए काम करेंगे।

# हर पीड़ित तक न्याय: यूपी में 14566 नंबर हेल्पलाइन सहारा




- समाज कल्याण विभाग की सख्ती से शत प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन-प्रशासन को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित 14566 नंबर अत्याचार एवं उत्पीड़न हेल्पलाइन प्रदेश के पीड़ितों के लिए मजबूत सहारा बनकर उभरी है। योगी सरकार कासंदेश है कि किसी भी पीड़ित को न्याय से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से 553 शिकायतें दर्ज की गईं। सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक 628 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें अप्रैल में 45, मई में 37, जून और जुलाई में 65-65, अगस्त में 57, सितंबर में 80, अक्टूबर में 79, नवंबर में 40, दिसंबर में 35, जनवरी में 37, फरवरी में 48 और मार्च में 40 शिकायतें शामिल हैं। जांच के दौरान 75 शिकायतें दो बार दर्ज पाई गईं, जिन्हें अलग कर दिया गया। शेष सभी मामलों में कार्रवाई कराई गई।सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रक्रिया में पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का विशेष ध्यान रखा गया है। हेल्पलाइन पर कॉल आते ही शिकायत को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाता है और संबंधित जिले को तत्काल प्रेषित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के साथ अत्याचार या उत्पीड़न की घटना होती है, तो वह बिना झिझक 14566 नंबर हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है। सरकार ने व्यवस्था को आधुनिक और जवाबदेह बनाया है, जिससे शिकायतों का निस्तारण तेजी से और प्रभावी ढंग से हो सके।

# बाबा साहब आंबेडकर का जीवन ही एक सन्देश: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर लखनऊ स्थित अपने कैम्प कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का संपूर्ण जीवन ही एक सशक्त संदेश है। अपने संघर्ष, शिक्षा और संकल्प के बल पर समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। बाबा साहब के आदर्श और उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं, जिन्हें अपनाकर समाज में समता और न्याय की स्थापना की जा सकती है। सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं भारतीय संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बनाते हुए वंचितों, श्रमिकों और किसानों को अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके द्वारा स्थापित समता, न्याय और मानव गरिमा के सिद्धांत आज भी राष्ट्र निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। 'पंचतीर्थ' जैसे प्रेरक प्रयासों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच रहा है। बाबा साहब का संघर्षमय जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

# डबल इंजन सरकार बाबा साहब के सपनों को कर रही साकार: शर्मा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर जनपद मऊ में आयोजित कार्यक्रमों में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रतिभाग करते हुए बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने जवाहिरपुर, रामपुर छतहरा, मारूखपुर, मर्यादपुर, तीनहरी, रसूलपुर, कांठतराव, सूरजपुर एवं सहरोज सहित अनेक गांवों में पहुंचकर जनसमूह के साथ अवसर को साझा किया। श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के महान पुरोधा थे। बाबा साहब ने अपने संपूर्ण जीवन को समाज के कमजोर, वंचित एवं शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया और एक ऐसे भारत की कल्पना की, जहां सभी को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में भेदभाव, असमानता एवं कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करें। बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के कल्याण हेतु निरंतर कार्यरत है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना के साथ योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक बोझ का सामना नहीं करना पड़ता। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के जरिए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर जयंती

- जिले भर में रही जयंती की गूंज,तहसीलों और ब्लॉकों में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम
- कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धा-सुमन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती जनपद में बड़े हर्षोल्लास उत्साह एवं उमंग के साथ मनाई गई।जिले के सभी सरकारी एवं अर्धसरकारी कार्यालयों में बाबा साहब की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन हमें समानता,न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है।उन्होंने कहा कि यहदिन केवल एक महापुरुष के जन्मदिवस का प्रतीक नहीं,बल्कि उनके विचारों,संघर्षों और सामाजिक संदेशों कोआत्मसात करने का अवसर भी है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर शोषण भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया तथा समानता,स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी।उनका मानना था कि ÷शिक्षा वह शस्त्र है,जिससे व्यक्ति अपना जीवन बदल सकता है।जिलाधिकारी ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा,सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।जिला मुख्यालय के अतिरिक्त जनपद की सभी तहसीलों एवं ब्लॉकों में भी बाबा साहब की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों,कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने उत्साह से भाग लिया।बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।तथा गोष्ठियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गयी अंबेडकर जयंती




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छात्र समर्थ श्रीवास्तव ने डॉ. अंबेडकर की भूमिका का प्रभावशाली मंचन किया, जिसमें उनके संघर्षों, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सुधार के योगदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया।
कार्यक्रम में अन्वी ने अपने भाषण के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों पर प्रकाश डाला तो वहीं आकृति ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर समता, शिक्षा और अधिकारों के महत्व को उजागर किया। इस अवसर पर स्तुति और विराट द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों पर उनके संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा दिए गए सामाजिक योगदान और उनकी उपलब्धियों को अपनी स्मृति में रखते हुए उन पर अमल करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे हम एक समतामूलक और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ गोष्ठी



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद में सभी सरकारी तथा अर्द्धसरकारी कार्यालय , सभी विद्यालयों में अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक विशेष गोष्ठी में भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय , अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया।

गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जी ने भारत को एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया जो देश के हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के बताए गए मार्ग पर चलने, उनके जीवन आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों को अपने जीवन एवं कार्यशैली में अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी , उप जिलाधिकारी तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# एनटीपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**




जनपद में एनटीपीसी टांडा में मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की अग्निशमन शाखा द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी टांडा जयदेव परिदा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट (सीआईएसएफ) एम. दानय्या, अपर महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) प्रमोद कुमार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान सहित सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।
कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेंट एम. दानय्या ने 14 अप्रैल 1944 को कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सप्ताह भर चलने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि जयदेव परिदा ने अपने संबोधन में कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाकर आग से होने वाली दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में निरीक्षक (अग्निशमन) संतोष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए संयंत्र की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

## रायबरेली में अंबेडकर जयंती पर साड़ी वितरण, सदर प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने महिलाओं को किया सम्मानित

**रायबरेली।** कार्यक्रम के दौरान योगेंद्र सिंह ने बाबा साहब के जीवन और संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहब ने शिक्षा और संघर्ष के बल पर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह भी कहा कि संविधान निर्माण में उनकी भूमिका देश के लिए अमूल्य है, जिसने सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का मार्ग प्रशस्त किया। योगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है। उनका कहना था कि जब तक समाज का हर व्यक्ति शिक्षित और जागरूक नहीं होगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने लोगों से बाबा साहब के विचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रायबरेली के विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभी भी कई बुनियादी समस्याएं हैं।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में मंगलवार को डॉ0 भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी । विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए ।
जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को शहर के अंग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''डॉ भीमराव आम्बेडकर'' की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय एवं राघवेन्द्र त्रिपाठी ने डॉ भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्जवलित किया। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को ''समानता दिवस '' और ''ज्ञान दिवस'' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। डॉ भीमराव आम्बेडकर दलितों के महान नेता थे। उन्होनें अपना पूरा जीवन दलित उत्थान के लिए लगा दिया। बाबासाहेब के नाम से मशहूर आम्बेडकर भारत के संविधान निर्माता थे। वे एक महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता, संपादक व पत्रकार थे । डॉ आम्बेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्धता के लिए जाने जाते है और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। जयंती अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कला एवं भाशण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कला के अन्तर्गत मेधावी, मरियम, नितिका, आरोही, साहू, सिफा, अयान, अराध्या, श्रद्धा, अदिती, शिवांस, अंशुमान, मानवी, लवन्या, अनन्या, उपासना, आलिया, आस्था, साहवी, प्राख्या, मानवी, कौशिकी, अविशी, दिव्यांस, आदित्य, दक्षेस, प्रशान्त, आस्था आदि ने ''डॉ भीमराव आम्बेडकर'' पर हिंदी एवं अंग्रेजी में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। इसी क्रम में भाशण प्रतियोगिता में आस्था, मिश्ठी, मेधावी, मरियम, लवन्या, सिफा, शिवांस, श्रृश्टि, आव्या, यशवी, प्रथमेंश ने डॉ भीमरात आम्बेडकर जी के बारे मे विस्तृत वर्णन किया। अंत में प्रबन्ध निदेशक नें कला एवं भाषण प्रतियोगिता को देखकर समस्त छात्र छात्राओं की प्रशंसा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक उर्वशी शुक्ला, किरन मिश्रा, आयुशी सिंह, उमा तिवारी, डीपी यादव, संदीप यादव, एके तिवारी, अशोक शुक्ला,, सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं नें ''डॉ भीमराव आम्बेडकर'' की जयंती को उत्साह पूर्वक मनाया।

# कांग्रेस पार्टी महिलाओं के स्वास्थ अधिकार सम्मान स्वाभिमान सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध: संगीता गर्ग

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय समन्वयक एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव संगीता गर्ग ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा के दिशानिर्देश पर रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रियदर्शिनी उड़ान योजना को मूर्त रूप देने के लिए लगातार चार दिन का प्रवास किया इस योजना के तहत रायबरेली की प्रत्येक विधानसभा से 300 से 400 महिलाओं को गोद लेकर उन्हें हर माह निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य स्वाभिमान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है जबकि वर्तमान सरकार इन मुद्दों पर केवल घोषणाएं करती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं से जुड़े जमीनी मुद्दों की अनदेखी की जा रही है जबकि कांग्रेस पार्टी निरंतर धरातल पर कार्य कर रही है उन्होंने बताया कि प्रियदर्शिनी उड़ान योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को गोद लेकर महिला कांग्रेस सुरक्षित माहवारी की दिशा में हर माह निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित कर रही हैइस अभियान के तहत 11-12 अप्रैल को बछरावा विधानसभा क्षेत्र में दौरा कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गोद लिया गया तथा दूसरे एवं तीसरे माह के निःशुल्क सेनेटरी पैड एवं शैम्पू पाउच वितरित किए गए इससे पूर्व फरवरी माह में भी बछरावा विधानसभा में वितरण किया जा चुका है वहीं 13-14 अप्रैल को रायबरेली विधानसभा क्षेत्र में भी महिलाओं एवं बालिकाओं को गोद लेकर निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए गर्ग ने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर रही है उन्होंने कहा कि सुरक्षित माहवारी के लिए महिलाओं को सरकार की ओर से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाने चाहिए लेकिन इस दिशा में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला कांग्रेस ने शुरुआती तौर पर रायबरेली में हर घर हर महिला तक निःशुल्क सेनेटरी पैड पहुंचाने का संकल्प लिया है जिसके माध्यम से पार्टी हर घर तक अपनी पहुंच बनाकर महिलाओं को सीधे जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शैलजा सिंह व पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं इस योजना को व्यापक स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया।

## डॉ0अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ0 अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संविधान के प्रति निष्ठा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

# वसंत पंचमी पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी तथा मेधावी छात्र भी हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर में आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी के अवसर पर प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। विद्यालय में पिछले कई वर्षों से नए शैक्षणिक सत्र का प्रवेश वसंत पंचमी के दिन से प्रारंभ करने की परंपरा रही है, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष ऐसे कुल 19 विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के दिन प्रवेश लेने पर विद्यालय की तरफ से निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की गईं। इसके साथ ही, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित करते हुए उन्हें पुस्तकें भेंट की गईं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और प्रोत्साहनकारी कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# तिलोई तहसीलदार ने किया गेहूं की फसल का क्रॉप कटिंग निरीक्षण, उपज का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी,तिलोई**



रबी विपणन सत्र के तहत तिलोई क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुटमारा के गांव पूरे इच्छा राम पंडित में मंगलवार को गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई।इस दौरान तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने खेत में पहुंचकर फसल की उपज का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।क्रॉप कटिंग का कार्य किसान हनुमान प्रसाद मिश्रा पुत्र जागेश्वर मिश्रा के खेत में संपन्न कराया गया।मौके पर हल्का लेखपाल अखिलेश कुमारी और फसल बीमा अधिकारी दीपक मिश्रा भी मौजूद रहे।इस अवसर पर गांव के पूर्व प्रधान विश्वनाथ सरोज, शत्रुघ्न त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।अधिकारियों ने बताया कि क्रॉप कटिंग के माध्यम से क्षेत्र में गेहूं की औसत पैदावार का आंकलन किया जा रहा है, जिससे किसानों और प्रशासन को वास्तविक उत्पादन की जानकारी मिल सके।

## उद्यान मंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

**रायबरेली।** 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग, उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर स्थित हाथी पार्क चौराहे पर स्थापित बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण के साथ-साथ समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और बंधुत्व का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

# बाबा साहब जी की जयंती के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भारतीय संविधान निर्माता, भारत रत्न, समाज सुधारक डा.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ÷बाबा साहब÷ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि हाथी पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर कांग्रेस जनों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में अम्बेडकर जी के चित्र पर मार्त्यापण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बाबा साहब पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भीमराव अम्बेडकर जी का भारतीय संविधान के निर्माण एवं सामाजिक भेदभाव को रोकने में विशेष योगदान रहा है, साथ ही कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने और किसान, मजदूर व महिलाओं को अधिकार व सम्मान मिले यही उनके जीवन का मूल उद्देश्य था, अम्बेडकर जी के विचार हमेशा जीवित रहेंगे, उन्होंने अपना सारा जीवन छुआ-छूत को समाप्त करने में लगा दिया, उनके द्वारा निर्मित संविधान में सभी को समान अधिकार प्राप्त है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षो से भरा था, स्वतंत्रता आन्दोलन साहित बाबा साहब जातिवाद, धार्मिक आडम्बरो के विरूद्ध जीवन भर लड़ते रहे। अनु.जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश पासी ने हाथी पार्क स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर मार्त्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित सभी लोगों को अम्बेडकर जी के जन्म दिन की बधाई दी। प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर जी ने देश को एक मजबूत संविधान दिया, दुर्भाग्यवश आज सत्ताधारी दल द्वारा उसे समाप्त करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है, जिसकी रक्षा के लिए कांग्रेस का कार्यकर्ता हर लड़ाई लड़ने को तैयार है, जिला कांग्रेस कमेटी ने रायबरेली जनपद के सभी ब्लाकों में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पता चल गई तारीख...इस दिन आएगा

# अनन्या पांडे

## लक्ष्य लालवानी की फिल्म का पहला गाना



अनन्या पांडे की आखिरी रिलीज फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही. इसके बाद लोगों को उनकी अगली मूवी से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं. अनन्या पांडे जल्द ही लक्ष्य लालवानी के साथ 'चांद मेरा दिल' में नजर आने वाली हैं. धर्मा प्रोडक्शन की इस फिल्म का बीते दिनों टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को और भी ज्यादा बढ़ा दिया. जहां अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर 'चांद मेरा दिल' के टीजर में टाइटल ट्रैक की एक झलक देखने को मिली थी, वहीं पूरा गाना जल्द ही रिलीज होने जा रहा है, जिसकी तारीख भी सामने आ गई है.अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर 'चांद मेरा दिल' उन फिल्मों में से एक है जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. ये मूवी मई में रिलीज होने वाली है. कुछ ही दिन पहले मेकर्स ने इसके कुछ दिलचस्प पोस्टर जारी किए थे, जिसके बाद इसका टीजर आया, जिसमें लीड जोड़ी की केमिस्ट्री की एक



झलक देखने को मिली. अब फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए 'चांद मेरा दिल' का टाइटल ट्रैक 13 अप्रैल को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

**चांद मेरा दिल टाइटल ट्रैक**

बीते रोज धर्मा प्रोडक्शंस ने 'चांद मेरा दिल' के नए पोस्टर जारी किए, जिनमें अनन्या पांडे और लक्ष्य नज़र आ रहे हैं. पोस्टरों के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान किया कि फिल्म का टाइटल ट्रैक 'चांद मेरा दिल' 13 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा. जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि टीजर में बैकग्राउंड में बज रहे इस गाने की एक छोटी सी झलक दिखाई गई थी, जिसने फैंस को काफी एक्साइटेड कर दिया था और वो इसका पूरा वर्जन सुनने के लिए बेताब थे. इस फिल्म का टाइटल ट्रैक सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है, जिसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और इसे फहीम अब्दुल्ला ने गाया है. मेकर्स ने कैप्शन में इस गाने के कुछ बोल भी शेयर किए हैं.

उन्होंने लिखा, इस जनम का रहा तुझसे वादा मेरा, हर जनम में रहेगाज् तुझ ही पे फना. चांद मेरा दिल टाइटल ट्रैक- गाना 13 अप्रैल को रिलीज हो रहा है. 22 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में.

'चांद मेरा दिल' एक रोमांटिक फिल्म है, जिसमें अनन्या पांडे (चांदनी के किरदार में) और लक्ष्य ललवानी (आरव के किरदार में) नजर आने वाले हैं. ये फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले विवेक सोनी के डायरेक्शन में बनी है. इसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है. 'चांद मेरा दिल' 22 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## गोद में 1 साल की जान्हवी कपूर को लेकर खिलखिलाती दिखीं श्रीदेवी, बोनी ने शेयर की अनदेखी तस्वीर




साल 2018 के फरवरी में दुनिया ने एक बेहतरीन अदाकारा को खो दिया था. हिंदी सिनेमा की पहली लेडी सुपरस्टार श्रीदेवी का निधन हुए आज काफी साल हो गए हैं लेकिन आज भी एक्ट्रेस हम सभी के जहन में जिंदा हैं. श्रीदेवी ने अपने करियर में एक से एक फिल्मों में काम किया है. आज के दौर में भी श्रीदेवी के स्टारडम के आसपास भी किसी के लिए पहुंचना काफी मुश्किल है.श्रीदेवी ने बोनी कपूर से 1996 में शादी की थी. दोनों एक साथ काफी खुश थे. हाल ही में डायरेक्टर और फिल्ममेकर बोनी कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पुरानी फोटो शेयर की. इस फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.

**बोनी और श्रीदेवी की फोटो**

बोनी की शेयर की गई फोटो में बोनी के साथ श्रीदेवी नजर आ रही हैं. श्रीदेवी की गोद में एक साल का जान्हवी भी दिखाई दे रही हैं. जान्हवी की ये बचपन की तस्वीर उनके फैंस को बहुत पसंद आ रही है. इसी बीच बोनी ने फोटो को शेयर करते हुए लिखा- मेरी प्यार हमारे प्यार जानू को पकड़े हुए है, जो केवल एक साल की है.

**बोनी कपूर की दूसरी शादी**

बोनी कपूर और श्रीदेवी की दो बेटियां हैं- जान्हवी और खुशी कपूर. दोनों ही एक्ट्रेस हैं और अपने करियर पर फोकस कर रही हैं. बोनी ने श्रीदेवी से दूसरी शादी की थी. बोनी की पहली पत्नी मोना शौरी कपूर थीं, जिनसे बोनी को दो बच्चे हैं- अर्जुन कपूर और अंशुला कपूर. मोना के साथ बोनी शादी में थे, जब उन्हें श्रीदेवी से प्यार हुआ. दोनों ने चोरी-छिपे शादी की थी. इस शादी की भनक तीन सालों तक किसी को भी नहीं थी. शादी के समय श्रीदेवी गर्भवती थीं, जिसके बाद उन्होंने 1997 में अपनी पहली बेटी, जाह्नवी कपूर को जन्म दिया, और बाद में दूसरी बेटी खुशी कपूर का जन्म हुआ था.

## अक्षय कुमार को देख बेकाबू हुए फैंस, एक झलक पाने के लिए एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़े लोग




अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं. प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में तब्बू, वामिका गब्बी, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार नजर आएंगे. फिल्म की रिलीज से पहले अक्षय कुमार, राजपाल यादव और वामिका गब्बी के साथ, 'भूत बंगला' का प्रमोशन करने के लिए ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी मॉल पहुंचे. देखते ही देखते ये इवेंट अफरा-तफरी में बदल गया और वहां भारी भीड़ जमा हो गई.'भूत बंगला' के प्रमोशन के एक इवेंट के दौरान अक्षय कुमार की एक झलक पाने के लिए फैंस बेकाबू हो गए. इतना ही नहीं, नोएडा में हो रहे इस इवेंट में फैंस एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़ गए और आगे की ओर दौड़ पड़े. इस इवेंट से कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनपर



लोग तमाम तरह के रिएक्शंस दे रहे हैं.

**अक्षय कुमार का ग्रेटर नोएडा में इवेंट**

अक्षय कुमार के इस इवेंट के वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, उनमें लोगों की जबरदस्त भीड़ दिखाई दे रही है. फैंस एक्टर की एक झलक पाने की चाह में एक दूसरे को धक्का देकर आगे घुसने की कोशिश करते हुए नजर आए. देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई.

वायरल वीडियो में मॉल में भगदड़ जैसी स्थिति बनती दिख रही है, क्योंकि एक्टर को देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हो गए थे. कुछ फैंस को मॉल ऊपर की मंजिल से देखने के लिए एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़ते हुए भी देखा गया. ग्राउंड फ्लोर पर लोगों ने बैरिकेड तोड़ दिए और एक्टर को देखने के लिए आगे की कतार में जगह पाने के लिए एक-दूसरे को धक्का देने लगे.



## शाहरुख-सलमान को बर्थडे पर क्या गिफ्ट देते हैं दोस्त?

# एकता कपूर

## ने किया बड़ा खुलासा

बॉलीवुड सबसे बड़ी ग्लैमर इंडस्ट्रीज में से एक है. यहां की पार्टीज में शामिल होना न सिर्फ किस्मत की बात है, बल्कि इंडस्ट्री में जान पहचान बनाने और खुद के प्रेजेंट करने का एक अच्छा मौका भी है. बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारे अपनी लैविश पार्टीज के लिए जाने जाते हैं. उनकी पार्टीज का हिस्सा होने हर किसी के लिए बड़ी बात है.लोगों के बीच अक्सर इन पार्टीज को लेकर बड़े सवाल रहते हैं. सबसे बड़ा सवाल तो यही रहता है कि जब इन बड़े सुपरस्टार्स का बर्थडे होता है तो उनको गिफ्ट में क्या दिया जाता होगा. जिन लोगों के पास सबकुछ है, उन्हें गिफ्ट देना काफी बड़ा काम है.




आइए जानते हैं कि इस सवाल पर टीवी की क्वीन एकता कपूर ने क्या कहा?

**शाहरुख-सलमान की बर्थडे पार्टी**

एकता इन दिनों अपनी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में है. इसी बीच एकता ने एक यूट्यूब चैनल के साथ बातचीत में बताया कि वो लोग शाहरुख-सलमान जैसे बड़े सितारों को उनके जन्मदिन पर क्या देते हैं? एकता ने कहा- लोग अक्सर शाहरुख-सलमान के लिए गिफ्ट्स लेकर नहीं आते. आप क्या ही लेकर जाओगे उनके जन्मदिन पर? मैं खुद भी ज्यादा बर्थडे पार्टी अटेंड नहीं करती. हां मेरे अपने बर्थडे पर मैं तिरुपति जाती हूं और किसी को इन्वाइट नहीं करती.

**फिल्म इंडस्ट्री में पार्टी का चलन**

एकता ने आगे कहा- फिर भी आप पूछो कि इतने बड़े लोगों की पार्टी में क्या दिया जाता है तो ज्यादातर अच्छी विशेज दी जाती हैं. फिल्म इंडस्ट्री के बारे में लोगों का ज्यादातर ये इम्प्रेशन है कि यहां बड़े-बड़े गिफ्ट एक्सचेंज करते हैं या फिर काफी पीते हैं और हर वक्त पार्टी करते रहते हैं. ये सब बातें सच नहीं हैं. बल्कि आपको तो इससे ज्यादा बोरिंग इंडस्ट्री नहीं दिखेगी. यहां लोग जल्दी सो जाते हैं, क्योंकि सुबह उठना होता है. हेल्थ और डाइट का ध्यान रखना भी जरूरी है.

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# शांति वार्ता तार-तार, राष्ट्र प्रमुखों की जिद्द और आसन्न परमाणु युद्ध

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी परमाणु युद्ध के दुष्परिणाम अत्यंत भयावह होंगे। परमाणु विस्फोट से निकलने वाला विकिरण न केवल तत्काल जनहानि करता है, बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियों को जन्म देता है। कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग ये सब ऐसे प्रभाव हैं जो दशकों तक मानवता को झेलने पड़ते हैं। पर्यावरण पर इसका असर भी विनाशकारी होता है,जल, वायु और मिट्टी सभी प्रदूषित हो जाते हैं, जिससे कृषि उत्पादन ठप हो सकता है और खाद्य संकट उत्पन्न हो सकता है।**

*अमेरिका,इजरायल और।ईरान के बीच शांति वार्ता के विफल होने पर वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा कमजोर और शक्ति-प्रदर्शन की भाषा प्रबल होती जा रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच, विश्व को एक संभावित महायुद्ध यहाँ तक कि परमाणु युद्ध की आशंका की ओर धकेल रहा है। इस संपूर्ण घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रंप की नीतियाँ और उनके निर्णय भी चर्चा के केंद्र में हैं, जिन्हें लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। उनके द्वारा लिए जा रहे निर्णय पर अमेरिका के नागरिक उनके संसद सदस्य और वैश्विक देश के नेताओं द्वारा भी अविश्वास प्रकट किया जा रहा है उनकी मानसिक स्थिति पर भी अब सवालिया निशान लगने लगे हैं। ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो शांति वार्ताओं का उद्देश्य सदैव संघर्ष को समाप्त कर स्थिरता स्थापित करना होता है, किंतु हालिया प्रयासों में यह उद्देश्य बिखरता हुआ प्रतीत हो रहा है। जब मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान जैसे कमजोर,आतंकवादी और अपरिपक्व मानसिकता वाले देश को आगे किया गया, तब ही कई कूटनीतिक विश्लेषकों ने इसकी निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था। किसी भी शांति प्रक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मध्यस्थ देश निष्पक्ष, विश्वसनीय और सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो। यदि मध्यस्थ ही अपने रणनीतिक हितों में उलझा हो, तो वार्ता का मार्ग स्वतः ही संदिग्ध हो जाता है। अमेरिका और इज़रायल का दृष्टिकोण ईरान की परमाणु क्षमताओं को सीमित करने पर केंद्रित रहा है, जबकि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के अधिकारों का सदैव पक्षकार रहा है। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांति और ऊर्जा के उद्देश्य से है, परंतु पश्चिमी देशों को इसमें संभावित सैन्य उपयोग की आशंका दिखाई देती है। यही अविश्वास शांति वार्ता को बार-बार विफल करता रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रस्तावों को अस्वीकार करना इस बात का संकेत है कि दोनों पक्षों के बीच संवाद की खाई गहरी होती जा रही है। इज़रायल, जो पहले से ही ईरान को कई वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है, और उसके लिए यह लड़ाई अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है और वह किसी भी प्रकार के समझौते को लेकर अत्यंत सावधान और अतिरिक्त सतर्क है। ऐसे में जब तीनों शक्तियाँ अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक अड़े हुए और अडिग हों, तो शांति का मार्ग और भी ना मुमकिन सा होता दिखाई देता है। यदि यह तनाव आगे बढ़कर जैसा की युद्ध विश्लेषक आशंका जाता रहे हैं परमाणु संघर्ष में परिवर्तित होता है, तो इसके परिणाम न केवल अत्यंत भयानक तथा विनाशक होने की संभावना होगी बल्कि युद्ध क्षेत्र भी सीमित नहीं रहेंगे, पूरी दुनिया इसकी जद और बड़े प्रभाव में आ जाएगी। सबसे पहले असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। तेल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा, जिससे महंगाई वैश्विक स्तर पर बेकाबू हो जाएगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जहाँ पहले से ही आम जनता महंगाई के दबाव से जूझ रही है। महंगाई का सीधा असर आम जीवन पर पड़ता है।खाद्य पदार्थ, ईंधन, परिवहन, दवाइयाँ सभी की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा ह। रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं, और आर्थिक असमानता बढ़ जाती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। इसकी वजह यह है कि किसी एक देश पर किसी खास आयात के लिए पूरी तरह निर्भर होना भविष्य में ब्लैकमेलिंग की वजह बन सकता है। भारत के पास आज करीब साठ करोड़ का ऐसा विशाल मध्य वर्ग है, जिसकी खरीद क्षमता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शायद ही कोई उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादक देश ऐसा होगा, जिसे भारत की जरूरत महसूस नहीं होगी। लेकिन भारत की अपनी जरूरतें भी हैं और यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरातफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इससे महंगाई भी बढ़ती है।**

# कूटनीति के जरिए पेट्रोलियम आपूर्ति को रखा बरकरार



**उमेश चतुर्वेदी**

**इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यवसायिक गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने-पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।**



28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद पूरी दुनिया की चिंता ऊर्जा को लेकर थी। आज की दुनिया ऊर्जा के लिए जीवाश्म तेलों पर सबसे ज्यादा निर्भर है, जिसे हम पेट्रोल और डीजल के रूप में जानते हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस भी आज ऊर्जा की बड़ी स्रोत है। ईरान पर हमले के पहले बहुत लोगों ने होमुर्ज जलडमरूमध्य का नाम नहीं सुना था, लेकिन आज हर पढ़ा-लिखा और सचेत शख्स इसे जान गया है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित इस संकरे समुद्री रास्ते पर ईरान का कब्जा है। इसके जरिए पूरी दुनिया को आपूर्ति होने वाला बीस प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थ इसी रास्ते से गुजरता रहा है। जहां तक भारत का सवाल है तो ईरान पर हमले के पहले तक भारत आयात होने वाले कच्चे तेल के आधे हिस्से की आपूर्ति इसी रास्ते होती थी। इससे भारत की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक थी। लेकिन भारत ने ना सिर्फ होमुर्ज के जरिए अपनी आपूर्ति को बनाए रखने की कूटनीतिक कोशिशें जारी रखीं, बल्कि वैकल्पिक रास्ते की भी तलाश तेज कर दी। भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है। वैसे तो होमुर्ज पर ओमान का भी दावा माना जाता है, लेकिन हकीकत में इस जलमार्ग पर पूरी तरह ईरान का दबदबा है। हमले के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इस रास्ते पर ना सिर्फ निगरानी बढ़ा दी है, बल्कि सीमित आवाजाही हो ही मंजूरी दी है। भारत को इसकी आशंका थी, इसलिए उसने खाड़ी के देशों से तेल आयात के लिए वैकल्पिक मार्गों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया। संकट के क्षण में भले ही ईरान ने भारत के प्रति सहयोगी रूख अख्तियार कर रखा है, लेकिन भारत ने 'केप ऑफ गुड होप' यानी अफ्रीका के दक्षिण से गुजरने वाले जलमार्ग

**भारत अपनी पेट्रोलियम जरूरतों का करीब 85 फीसद हिस्सा आयात करता है। इसका आधा हिस्सा होमुर्ज के रास्ते ही आता था। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार होमुर्ज के रास्ते भारत रोजाना ढाई से 2.7 मिलियन बैरल कच्चा तेल आयात करता था। लेकिन ईरान पर हमले के बाद यह घटकर इसका आधा ही रह गया है।**

का भी उपयोग बढ़ा दिया है। इस बीच भारत ने कूटनीतिक प्रयास जारी रखा। इसका असर यह हुआ कि ईरान भारतीय जहाजों को होमुर्ज से गुजरने की अनुमति दे रहा है। एलपीजी लदा एक जहाज कोचीन आ चुका है और ऐसे ही कुछ और जहाज तेल और गैस लेकर भारत आ रहे हैं। इस बीच भारत ओमान की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों को अपनी नौसेना के जरिए सुरक्षा दे रहा है। भारत सरकार के अनुसार, भारतीय रिफायनरियों के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। इस बीच भारत ने रूस से भी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ है कि भारत में जिस तरह की महंगाई की आशंका थी, वैसी नहीं दिखी। हालांकि उद्योगों के लिए आपूर्ति किए जाने वाले व्यवसायिक गैस सिलिंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं। तेल की बढ़ती कीमतों और व्यवसायिक गैस की आपूर्ति कम होने के चलते खाने-पीने वाली चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। महानगरों में सर्वसुलभ ठेले की चाय की कीमतें डेढ़ गुनी तक बढ़ चुकी हैं। लेकिन आपूर्ति श्रृंखला जारी रहने के चलते स्थिति खराब नहीं हुई है। जबकि पड़ोसी पाकिस्तान में आधी गाड़ियों को ही सड़कों पर उतरने की अनुमति है, वहां पेट्रोल भारत के मुकाबले करीब ढाई गुनी ऊंची दर पर मिल रहा है। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद कूटनीति की कमान प्रधानमंत्री मोदी ने संभालते हुए युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर आठ खाड़ी देशों संयुक्त अरब अमीरात, जार्डन, ओमान, बहरीन और इजरायल के नेताओं से बात की। इसके साथ ही उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रां और मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम से बात की। इस बातचीत का मकसद वैश्विक हालात पर चर्चा के साथ ही भारतीय हितों को सुनिश्चित करना भी था। इस बीच 'गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल' के महासचिव जासेम मोहम्मद अल बुदैवी से फोन पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बात की है। इस बातचीत का मकसद खाड़ी देशों के इस संगठन के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के साथ ही भावी ऊर्जा संकट से भारत को मुक्ति दिलाने को लेकर रणनीति बनाना भी है। इसके पहले मंत्री हरदीप पुरी ने कतर की यात्रा की थी। दरअसल भारत इन देशों से भी पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बढ़ाना चाहता है। भारत की कोशिश ईरान के विकल्प के रूप में अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों का भी सहयोग हासिल करने की है। भारत को अपनी खेती के लिए रासायनिक खाद की भी जरूरत पड़ती है। भारत में खाद उत्पादन के लिए पेट्रोलियम पदार्थों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। बेशक रूस से भारत को कच्चा तेल और खाद की सामग्री मिल रही है, लेकिन भारत की कोशिश आपूर्ति को विविधरंगी बनाए रखना है। इसकी वजह यह है कि किसी एक देश पर किसी खास आयात के लिए पूरी तरह निर्भर होना भविष्य में ब्लैकमेलिंग की वजह बन सकता है। भारत के पास आज करीब साठ करोड़ का ऐसा विशाल मध्य वर्ग है, जिसकी खरीद क्षमता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शायद ही कोई उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादक देश ऐसा होगा, जिसे भारत की जरूरत महसूस नहीं होगी। लेकिन भारत की अपनी जरूरतें भी हैं और यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था में अगर किसी चीज की गंभीर कमी होती है तो अफरातफरी का माहौल उत्पन्न होना आसान हो जाता है। इससे महंगाई भी बढ़ती है। महंगाई बढ़ने से लोक के बीच नाराजगी बढ़ती है और फिर यह गुस्सा राज व्यवस्था के खिलाफ आंदोलनों के रूप में मुखर होता है।



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 10:31 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 03:32 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ब्रह्म, 13:24 |
| सूर्योदयः | 06:10 |
| सूर्यास्तः | 18:43 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 12:26-14:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं हैं |

## जन एक्सप्रेस

### झोंक दिए हैं जान !

*जंग किला बचाने की।*
*झोंक दिए हैं जान ।।*
*ममता, विजयन, स्टालिन।*
*हिमंत भी मैदान ।।*
*महत्वपूर्ण चुनाव ये।*
*दिशा बदलने वाली ।।*
*कौन कितने पानी में ?*
*किसका पुलाव खयाली ।।*
*किसे मिलेगा प्यार ?*
*और कौन समाप्त ।।*
*गली सड़क चौराहे।*
*है चर्चा ये व्याप्त ।।*
*अपनी जगह ये चारो।*
*हैं काफी मजबूत ।।*
*पर फैसला जनता का।*
*है अंतिम सबूत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बढ़ते यूरिक एसिड से फैटी लिवर की हो सकती है समस्या



**मेटाबॉलिक** डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीयोटिक लिवर डिजीज, जिसे पहले 'नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज' कहा जाता था, लिवर से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इसमें लिवर में जरूरत से ज्यादा फैट जमा हो जाता है। यह उन लोगों को अधिक प्रभावित करता है जो मोटापे, टाइप 2 डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। नॉन-अल्कोहलिक के अलावा, अगर शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने लगे, तो क्या इसके असर से फैटी लिवर हो सकता है? दरअसल, जब किडनी वेस्ट प्रोडक्ट्स जैसे यूरिक एसिड को निकालने में सक्षम नहीं होती, तो यूरिक एसिड लिवर को भी प्रभावित करने लगता है। स्टडी के अनुसार, MASLD दुनिया की सबसे आम लिवर की बीमारी है और अगर शरीर में प्यूरिन का टूटना ज्यादा बढ़ जाए, तो यूरिक एसिड बढ़ने लगता है। इससे न सिर्फ डायबिटीज, अर्थराइटिस और हार्ट की बीमारियां बढ़ने का रिस्क बढ़ जाता है, बल्कि स्टडी के मुताबिक यूरिक एसिड में हर 1 mg/dL की बढ़ोतरी [illegible] के रिस्क को 21% तक बढ़ा सकती है। इस स्टडी में यूरिक एसिड को जेंडर, उम्र और लाइफस्टाइल के साथ जोड़कर देखा गया है। इस रिसर्च से यह सामने आया है कि जिन लोगों का यूरिक एसिड बढ़ा हुआ था, उनमें सीधे तौर पर खराब कोलेस्ट्रॉल, मोटापे और फैटी लिवर की समस्या का रिस्क ज्यादा पाया गया। इस बारे में डॉ. विनीत कहते हैं कि यूरिक एसिड बढ़ने के कारण शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है, जो लिवर में सूजन बढ़ा सकता है। इसके अलावा, यूरिक एसिड बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ जाता है और यह लिवर में फैट को बढ़ा सकता है।

**ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस** – जब यूरिक एसिड बढ़ता है, तो यह लिवर के टिश्यू में रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीशीज को बढ़ा सकता है, जो लिवर के टिश्यू को नुकसान पहुंचाता है और सूजन बढ़ा सकता है।

**सूजन** – जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने के कारण सूजन बढ़ती है, तो लिवर में इन्फ्लामसोम एक्टिव हो सकता है, जिससे लिवर के टिश्यू में क्रोनिक इन्फ्लेमेशन होने लगता है।

**लिपिड मेटाबॉलिज्म में बदलाव** – जब यूरिक एसिड लिवर में फैट बनने की प्रोसेस को तेज करता है, तो फैट को कम करने का प्रोसेस धीमा हो जाता है। इससे लिवर पर फैट तेजी से जमा होने लगता है।

**इंसुलिन रेजिस्टेंस** – जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है, तो इंसुलिन का असर कम होने लगता है। इंसुलिन रेजिस्टेंस बनने के कारण लिवर में फैट जमा होने लगता है और फैटी लिवर की समस्या बढ़ जाती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# साहूकार से सिस्टम तक : 11 साल में बदलता वित्तीय भारत



**प्रो. आरके जैन**

**बैंकों पर लक्ष्य पूरा करने का दबाव भी कई बार गुणवत्ता की जगह संख्या को प्राथमिकता देता है, जिससे ऋण के बाद पर्याप्त निगरानी और सहयोग नहीं हो पाता और कई व्यवसाय टिक नहीं पाते।**

**जब** किसी देश की अर्थव्यवस्था की असली नब्ज टटोलनी हो, तो उसे सेंसेक्स की ऊंचाइयों में नहीं, बल्कि उन तंग गलियों में तलाशना पड़ता है जहां छोटे-छोटे कारोबार उम्मीद के सहारे सांस लेते हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 11 वर्ष दरअसल उसी उम्मीद की गूंज हैं–एक ऐसा प्रयास, जिसने 'फंडिंग द अनफंडेड' के संकल्प को हकीकत में बदलते हुए उन हाथों तक पूंजी पहुंचाने की कोशिश की, जो अब तक केवल श्रम और जज्बे के भरोसे आगे बढ़ रहे थे। 8 अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस पहल ने सूक्ष्म उद्यमिता को न केवल पहचान दी, बल्कि उसे एक नई दिशा भी दी। फिर भी, ग्यारह साल बाद यह सवाल और अधिक तीखा हो उठा है–क्या यह बदलाव सचमुच जमीनी स्तर पर स्थायी रूप ले पाया है, या फिर आंकड़ों की चमक ने हकीकत के धुंधलेपन को ढक दिया है? ग्यारह वर्षों की यह यात्रा केवल समय का विस्तार नहीं, बल्कि पैमाने और प्रभाव का भी सशक्त प्रमाण है। मार्च 2026 तक 57 करोड़ से अधिक ऋण खाते और 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का वितरण–ये आंकड़े अपने आप में एक आर्थिक परिवर्तन की कहानी बयां करते हैं। विशेष रूप से वित्त वर्ष 2025-26 में 5.65 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वितरण यह दर्शाता है कि योजना अब केवल शुरुआत नहीं, बल्कि निरंतर विस्तार के चरण में है। बिना किसी गारंटी के 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराना उस वर्ग के लिए ऐतिहासिक कदम साबित हुआ, जिसे कभी बैंकिंग व्यवस्था के दरवाजे पर भी जगह नहीं मिलती थी। इस पहल ने वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाते हुए न केवल छोटे उद्यमियों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदार भी बनाया। इस योजना का सबसे मजबूत पक्ष इसका सामाजिक समावेशन है। लगभग 67 प्रतिशत (दो-तिहाई) ऋण खातों/लाभार्थियों का महिलाओं के नाम होना आर्थिक स्वतंत्रता में उनके बढ़ते योगदान और सशक्त भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी यह बताती है कि योजना वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों तक प्रभावी रूप से पहुंची है। 12 करोड़ से अधिक नए उद्यमियों का पहली बार बैंकिंग प्रणाली से जुड़ना इसके व्यापक प्रभाव और वित्तीय समावेशन की गहराई को स्पष्ट करता है। लगभग 2 प्रतिशत के आसपास की कम एनपीए दर यह संकेत देती है कि छोटे उद्यमी भी ऋण का जिम्मेदारी से उपयोग कर रहे हैं और इसे सफलतापूर्वक चुकाने में सक्षम हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण में मुद्रा योजना का प्रभाव बेहद स्पष्ट और दूरगामी रहा है। पिछले कुछ वर्षों में 67 प्रतिशत से अधिक ऋण महिलाओं को मिलना इस बात का मजबूत संकेत है कि वे अब केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्थानीय और सूक्ष्म अर्थव्यवस्था की सक्रिय धुरी बन चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे कस्बों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ने से साहूकारों पर निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर ऋण वितरण ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। इसके परिणामस्वरूप छोटे-छोटे व्यवसायों का विस्तार हुआ है और स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार सृजन के नए अवसर लगातार विकसित हो रहे हैं। जमीनी स्तर की कहानियां इस योजना की वास्तविक ताकत को सामने लाती हैं। बिहार की पूनम कुमारी (मशरूम उत्पादन) और असम की बिनीता (हस्तशिल्प/चाय उद्योग/स्थानीय उत्पाद) जैसी उद्यमियों की सफलता यह स्पष्ट करती है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे सपनों को जब समय पर पूंजी मिलती है, तो वे बड़े और स्थायी बदलाव में बदल सकते हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट भी इस तथ्य को स्वीकार करती है कि मुद्रा योजना ने सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक ऋण व्यवस्था से जोड़कर वित्तीय समावेशन को मजबूत किया है। इन उदाहरणों से यह साफ होता है कि यह योजना केवल ऋण देने तक सीमित नहीं रही।

**कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। शिशु श्रेणी के छोटे ऋणों में स्थिरता और उन्नयन की दर अपेक्षाकृत कम रही है, जो उनकी दीर्घकालिक मजबूती पर सवाल उठाती है। कुछ रिपोर्टों में इन ऋणों की एनपीए दर लगभग 9 प्रतिशत तक बताई गई है, जो जोखिम का संकेत देती है। कई उद्यमियों को ऋण तो मिल जाता है, लेकिन उसके बाद मार्गदर्शन और कौशल प्रशिक्षण की कमी उन्हें आगे बढ़ने से रोक देती है।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# संविधान की रक्षा और अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि: दिव्या गंगवार

## श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

"डॉ.भीमराव अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिससे समाज की हर विषमता को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और देश को एक मजबूत संविधान दिया। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें और संविधान की रक्षा करें। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार और न्याय नहीं पहुंचेगा, तब तक बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकती।

**दिव्या पी0 गंगवार**
**सपा महिला सभा राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 पूर्व प्रत्याशी।**





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

तहसील बीसलपुर क्षेत्र के थाना बिलसंडा अंतर्गत एक मैरिज लॉन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया, जिसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार रहीं। उन्होंने अपने पति समाजसेवी चौधरी प्रदीप सिंह पटेल के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन की शुरुआत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने बचपन से ही सामाजिक विषमताओं और कठिन परिस्थितियों का सामना किया।

बावजूद इसके उन्होंने शिक्षा को अपना सबसे सशक्त माध्यम बनाकर समाज में समानता और न्याय की नई दिशा स्थापित की। बताया गया कि बाबा साहब ने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे विश्व प्रसिद्ध संस्थानों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारतीय समाज को संवैधानिक अधिकारों की मजबूत नींव दी। अपने संबोधन में दिव्या गंगवार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में उनके बताए मार्ग पर चलना ही देश को मजबूत और सुरक्षित बना सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य केवल जयंती मनाना नहीं, बल्कि संविधान की मूल भावना को समझना और उसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि हर नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके।

बीसलपुर में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि समाज को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बना। बाबा साहब के आदर्शों को अपनाकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज की स्थापना संभव है।

कार्यक्रम में चौधरी प्रदीप सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, रूपलाल महातिया, शालिकराम गंगवार, फैजान खां, मलखान सिंह, रक्षपाल गौतम, बंटी शर्मा, रामदास गौतम, ओंकार गौतम, शिवलाल गौतम, रामेश्वर दयाल, रामसेवक वर्मा, रोहित मिश्रा, लखविंदर, सूरजपाल सागर, सत्यपाल कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और भाईचारे का संदेश फैलाने पर विशेष जोर दिया गया।

# अंबेडकर जयंती पर पीलीभीत नगर पालिका की बड़ी पहल, 10 साल से लंबित एरियर भुगतान शुरू

### 211 कर्मचारियों को 77 लाख से अधिक की धनराशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित, सम्मान समारोह में दिखा उत्साह



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत में कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की गई। वर्षों से लंबित पड़े एरियर भुगतान की प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ करते हुए पालिका प्रशासन ने 211 कर्मचारियों को कुल 77,36,246 रुपये की धनराशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### बाबा साहब को श्रद्धांजलि से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनके विचारों को याद करते हुए सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की स्थापना में उनके योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचाने की उनकी सोच आज भी मार्गदर्शक है और उसी भावना के अनुरूप यह कदम उठाया गया है।

नगर पालिका के अभिलेखों के अनुसार, कई कर्मचारियों का एरियर पिछले लगभग एक दशक से लंबित चल रहा था। कुछ कर्मचारियों को आंशिक भुगतान मिला था, लेकिन अधिकांश को पूरा बकाया नहीं मिल पाया था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सभी मामलों की गहन जांच कर दस्तावेजों का सत्यापन कराया और पात्र कर्मचारियों की सूची तैयार की। अंबेडकर जयंती पर शुरू हुई भुगतान प्रक्रिया पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि कर्मचारियों को उनका अधिकार दिलाने के उद्देश्य से इस कार्य की शुरुआत अंबेडकर जयंती जैसे प्रेरणादायक दिन पर की गई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बकाया एरियर के कारण कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे दूर करना प्राथमिकता में शामिल था।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवकाश के चलते इस दिन प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए हैं, जबकि वास्तविक भुगतान अगले कार्यदिवस में कर्मचारियों के बैंक खातों में भेज दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद अधिकांश लंबित भुगतान का निस्तारण हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में उत्साह और सम्मान का वातावरण बना रहा। कर्मचारियों ने इस पहल के लिए नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इसे उनके हित में एक बड़ा कदम बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि, सभासद और कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन सभासद साकेत सक्सेना एवं पालिका कर्मी शंकर राही ने किया।

### प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण बनी पहल

नगर पालिका की इस पहल को कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

साथ ही यह प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का भी उदाहरण बनकर सामने आई है, जिससे भविष्य में अन्य लंबित मामलों के समाधान की भी उम्मीद जगी है।

# कटना नदी पुनरुद्धार कार्य का भव्य शुभारंभ, जल संरक्षण को मिला नया आयाम



### जिलाधिकारी बोले बंगाली समुदाय को शीघ्र मिलेगा भूमिक अधिकार, प्रशासनिक प्रक्रिया अंतिम चरण में

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकास खंड मरौरी क्षेत्र में कटना नदी के पुनरुद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत कंजा हरैया और अजीतपुर पटपरा में आयोजित कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह एवं नायब तहसीलदार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को जनपद के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### जल स्तर बढ़ाने में सहायक होगा पुनरुद्धार: सभ्यता वर्मा

ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नदियों का पुनर्जीवन केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कटना नदी के गहरीकरण और पुनरुद्धार से जल स्तर में सुधार होगा, जिससे किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगी और वन्यजीवों के लिए भी यह जीवनदायिनी साबित होगी। उन्होंने ग्रामीणों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए इसे जनसहभागिता का आंदोलन बनाने पर जोर दिया।

### प्राकृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में पहल: डीएम

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि मरौरी क्षेत्र के लिए यह एक गौरव का क्षण है कि यहां की प्राकृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें, ताकि कटना नदी को उसके पुराने स्वरूप में वापस लाया जा सके। बंगाली परिवारों को मिलेगा भूमिक अधिकार जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में क्षेत्र के बंगाली समुदाय को बड़ी राहत देने वाली घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि जिन परिवारों को पूर्व में पट्टे दिए गए थे, उन्हें अब भूमिक अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अध्यादेश जारी किया जा चुका है और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अब तहसील स्तर पर अंतिम कार्रवाई कर शीघ्र ही सभी पात्र परिवारों को अधिकार पत्र वितरित किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी

जिलाधिकारी ने यह भी संकेत दिया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का जल्द ही इस क्षेत्र में आगमन प्रस्तावित है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे उनके स्वागत की तैयारी करें, ताकि सरकार द्वारा किए गए इस महत्वपूर्ण निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया जा सके। जनसहभागिता से ही सफल होगा अभियान कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों को इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही कटना नदी को पुनर्जीवित कर उसकी पूर्व स्थिति में लाया जा सकता है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक स्थायी समाधान के रूप में देखी जा रही है।

# तेज गर्मी के बीच गन्ना किसानों को अलर्ट

### समय पर बुवाई ही बचाएगी फसलः खुशीराम भार्गव

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**



पीलीभीत। जनपद में बढ़ते तापमान को देखते हुए गन्ना विकास विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और समय पर फसल प्रबंधन करने की सलाह दी है। मंगलवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव के नेतृत्व में सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला क्षेत्र के ग्राम कुलारा में विभागीय अधिकारियों ने कृषक भ्रमण एवं तकनीकी निरीक्षण कर किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों से अवगत कराया। इस दौरान प्रगतिशील किसान जितेंद्र सिंह के खेत का निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से गन्ने की सहफसली खेती कर एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने उनकी खेती प्रणाली को अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक बताया। किसान द्वारा गन्ने की उन्नत किस्म ष्टश्रस्न 16202 की बुवाई मार्च माह में पांच फीट की दूरी पर दोहरी पंक्ति विधि से की गई है। विशेष बात यह रही कि गन्ने की दो कतारों के बीच राजमा की दो पंक्तियां बोई गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की सहफसली खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि एक ही खेत से किसानों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

### दलहनी फसलें बढ़ाती हैं जमीन की ताकत: जिला गन्ना अधिकारी

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसानों को बताया कि दलहनी फसलें जैसे राजमा, चना, मटर और मसूर मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर उसकी उर्वरता बढ़ाती हैं। इसके साथ ही ये फसलें कीट एवं रोग नियंत्रण में भी सहायक होती हैं और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करती हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को कई अहम सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि.....

गन्ने की बुवाई जल्द से जल्द पूरी करें, ताकि अधिक तापमान का असर कम हो खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखें, विशेषकर वर्तमान गर्मी के मौसम में उर्वरक और सिंचाई का प्रबंधन वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार करें सहफसली खेती को अपनाकर आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठाएं बड़ी संख्या में किसान रहे मौजूद। इस अवसर पर के.बी. शर्मा, शिव स्वरूप सिंह (एलएच चीनी मिल), सरदार बलजीत सिंह, रविकांत चौबे सहित क्षेत्र के अनेक किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया गया, जिससे वे बदलते मौसम के अनुरूप अपनी खेती को सुरक्षित और लाभकारी बना सकें।

# कटना नदी पुनर्जीवन अभियान के साथ अंबेडकर जयंती पर स्वच्छता संदेश

- विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने संभाली कमान
- वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर' योजना को मिला बल
- बौद्ध विहार में चलाया स्वच्छता अभियान जनसहभागिता पर दिया जोर



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। एक ओर विकास खंड मरौरी क्षेत्र में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर' योजना के अंतर्गत कटना नदी के पुनर्जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया, वहीं दूसरी ओर अंबेडकर जयंती के अवसर पर बौद्ध विहार में स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया। दोनों कार्यक्रमों में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मुख्य भूमिका निभाई।

### कटना नदी पुनर्जीवन अभियान को मिला जनसमर्थन

ग्राम कंजा हरैया एवं अजीतपुर पटपरा में आयोजित कार्यक्रम में कटना नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नदी को पुनः जीवंत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि यदि नदियां स्वच्छ और सुरक्षित रहेंगी, तभी पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही 'वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर' योजना की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब आमजन भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। सामूहिक प्रयासों से ही कटना नदी को पुनः उसके पुराने स्वरूप में लाया जा सकता है।

### अंबेडकर जयंती पर बौद्ध विहार में स्वच्छता अभियान

इसी क्रम में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंडेलाकलां स्थित बौद्ध विहार में अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर को साफ-सुथरा बनाने में सहभागिता की। इस दौरान डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर, भगवान गौतम बुद्ध और संत रविदास की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देते हैं, जिन्हें अपनाकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। मिष्ठान वितरण से बना उत्सवमय माहौल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को मिष्ठान वितरित कर अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी गईं, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वच्छता और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की रही भागीदारी दोनों कार्यक्रमों में एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, मंडल पदाधिकारी, प्रधानगण, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रमों के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने कटना नदी के पुनर्जीवन, स्वच्छता अभियान और बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक बना, वहीं दूसरी ओर सामाजिक समरसता और जनसहभागिता का सशक्त संदेश भी दे गया।

### सपा कार्यालय केजीएन में मनाई गई अंबेडकर जयंती, सामाजिक न्याय के संकल्प दोहराए

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के केजीएन कार्यालय में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और विचार के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने की बात करते हुए नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों के साथ-साथ राम मनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव के संघर्षों से मिली प्रेरणा आज भी प्रासंगिक है। इन विचारों के आधार पर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। 'पीडीए' को बताया नई सामाजिक पहल वक्ताओं ने 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को सामाजिक न्याय की दिशा में एक नई पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को समान अवसर दिलाना है। उन्होंने कहा कि यह अवधारणा संघर्ष की बजाय समन्वय, सहयोग और समानुभूति पर आधारित है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# दलित बस्ती में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती, विचार गोष्ठी के साथ बांटी गई मिठाई

### समाजवादी नेता सुधीर तिवारी बोले समता, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई आज भी प्रासंगिक







**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर के ईदगाह मैदान के सामने स्थित कांशीराम कॉलोनी की दलित बस्ती में मंगलवार को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर का जन्मदिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेता पंडित सुधीर तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला।

### विचार गोष्ठी में गूंजे सामाजिक समानता के स्वर

मुख्य वक्ता पंडित सुधीर तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान विचारक, समाज सुधारक और मानवाधिकारों के सशक्त पक्षधर थे। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने अपने जीवन में दलितों, वंचितों और शोषितों को समाज में बराबरी दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की रचना इस सोच के साथ की गई थी कि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी न्याय और अधिकार मिल सके। आज भी उनके विचार समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और जरूरत है कि हम उन्हें अपने जीवन में उतारें।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त कर समानता और भाईचारे को बढ़ावा दिया जाए। दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की अपील की गई।

### मिष्ठान वितरण से बना उत्सव का माहौल, बड़ी संख्या में मौजूद रहे

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों के बीच मिठाई वितरित की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर इदरीश अंसारी, रेहान अंसारी, कुलदीप सोनकर, मुकेश कुमार, सुमित कुमार, अरविंद कुमार, सुरेश मास्टर, मोहम्मद नईम, राशिद अंसारी, वीणा शुक्ला, संतोषी, रुखसाना, शबाना, सतीश कुमार, प्रेम नारायण सिंह एडवोकेट, हरिशंकर, मोहम्मद तस्लीम, रामकृष्ण सोनकर, जफर खान, वसीम मियां सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का अवसर बना, बल्कि सामाजिक एकता, जागरूकता और समानता के संदेश को भी मजबूती से सामने लाया।

# कबूलपुर में अंबेडकर प्रतिमा हटाने पर विवाद गहराया, आक्रोश के बीच गांव में पुलिस तैनात

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बिना अनुमति स्थापना पर प्रशासन की कार्रवाई, ग्रामीण बोले चंदा जुटाकर लगाई थी प्रतिमा; अनुमति के बाद पुनः स्थापना की मांग

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के कबूलपुर गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना और उसे हटाए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अंबेडकर जयंती से पहले प्रतिमा हटाए जाने की घटना से गांव में तनाव की स्थिति बन गई, जिसके चलते प्रशासन को भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से धन एकत्र कर प्रतिमा स्थापित कराई थी। जिस स्थान पर प्रतिमा रखी गई, वह राजस्व अभिलेखों में अंबेडकर पार्क के रूप में दर्ज बताया जा रहा है। 12 अप्रैल को प्रतिमा स्थापित की गई थी और 14 अप्रैल को जयंती के मौके पर उसके अनावरण की तैयारी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार देर रात पुलिस और प्रशासनिक टीम गांव पहुंची और प्रतिमा को वहां से हटवा दिया। मंगलवार सुबह जब लोग कार्यक्रम के लिए स्थल पर पहुंचे तो प्रतिमा गायब मिली, जिससे नाराजगी बढ़ गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर विरोध करने लगे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी, तहसील प्रशासन और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गांव में पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया।

### प्रशासन का पक्ष बिना अनुमति की गई थी स्थापना

प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, जो इस मामले में नहीं ली गई थी। अधिकारियों के अनुसार, नियमों की जानकारी दिए जाने के बाद प्रतिमा को हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है। अब ग्रामीणों ने प्रतिमा को पुनः स्थापित कराने के लिए प्रशासन से अनुमति लेने की बात कही है। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि नियमानुसार आवेदन मिलने पर इस पर विचार किया जाएगा और अनुमति मिलने के बाद ही विधिवत स्थापना की जा सकेगी।

### गांव में बनी हुई है सतर्क शांति

फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है। प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। यह पूरा मामला अब सामाजिक भावनाओं और प्रशासनिक नियमों के बीच संतुलन का विषय बन गया है, जिस पर सभी की नजर बनी हुई है।

# संविधान निर्माता को नमन, कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

## समानता, न्याय और अधिकारों की भावना को आत्मसात करने का आह्वान- डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार वरिष्ठ कोष अधिकारी अवनीश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को नमन किया। डीएम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों का जो मार्ग दिखाया। वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर ही हम एक सशक्त और समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों और संघर्षों से एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान प्राप्त हो। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता—को अपने आचरण में उतारें। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे जनता के प्रति संवेदनशीलता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें, जिससे शासन की मंशा वास्तविक रूप से धरातल पर साकार हो सके। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो कार्य किए, वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और न्याय की भावना को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार हमें निरंतर आगे बढ़ने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) विनय मौर्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दर्दनाक हादसा: ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सवार की मौत

**जन एक्सप्रेसध्हरपालपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम मुरबा शहाबुद्दीनपुर निवासी प्रेमपाल (35 वर्ष) पुत्र राजबहादुर, सोमवार की शाम करीब 7रू00 बजे धर्मपुर गांव से तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के बाद बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था। तभी अरवल थाना क्षेत्र के दहेलिया-बेड़ीजोर मार्ग पर बेसहारा गांव के पास सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक प्रेमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जयपुर (राजस्थान) में एक निजी फैक्ट्री में छपाई का कार्य करता था और करीब दो माह पहले गांव में अपना नया मकान बनवाने के लिए घर आया था। मृतक के परिवार में पत्नी रेखा देवी और दो बेटे हैं। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और तत्पश्चात एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज को एक नई दिशा दी है, संविधान दिया है लोगों को अधिकार दिए हैं। हमें बाबा साहब द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों से हौसला मिला है। इसलिए हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए और उनके बताए हुए रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, आनंद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अम्बेडकर पार्क से प्रमुख मार्गों पर निकाली गई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा

**शाहाबाद हरदोई।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के मौके पर अंबेडकर पार्क से मंगलवार को एक विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। इस शोभा यात्रा का आयोजन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ अंबेडकर मैदान से हुआ। तत्पश्चात यह शोभायात्रा ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी स्थल, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, नगर पालिका, स्टेट बैंक, घास मंडी, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, सरदारगंज होते हुए सीधे अंबेडकर पार्क पहुंची जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की झांकी के अतिरिक्त तमाम महापुरुषों और देवी देवताओं की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में बाबा साहब के अनुयाई और समर्थक मौजूद रहे । पुलिस द्वारा जुलूस में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।

# गेहूं खरीद में लापरवाही पर डीएम की सख्त चेतवानी लापरवाही पर होगी कार्यवाही

## अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों का वेतन रोका, उठान में ढिलाई पर कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जनपद में गेहूं खरीद व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जालौन एवं कौंच स्थित विभिन्न गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर व्यवस्थाओं में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीसीएफ जालौन के कृषक सेवा केंद्र जालौन पर राजेन्द्र कुमार, बी-पैक्स सिहारी के गजेंद्र सिंह, बी-पैक्स जगनेवा के रवि शंकर, बी-पैक्स गढ़गुवा के बलराम तथा बी-पैक्स खर्रा के विनय कुमार पांचाल केंद्र प्रभारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थिति केंद्र प्रभारियों के एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश के साथ स्पष्टीकरण मांगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी केंद्र प्रभारी नियमित रूप से अपने-अपने क्रय केंद्रों पर उपस्थित रहकर गेहूं खरीद की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के केंद्र प्रभारी अनूप गुर्जर के अनुपस्थित पाए जाने पर जानकारी दी गई कि वे ई-पोस मशीन ठीक कराने गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यदि कोई केंद्र प्रभारी किसी आवश्यक कार्य से केंद्र से बाहर जाता है तो उसका स्पष्ट उल्लेख भ्रमण पंजिका में किया जाना अनिवार्य होगा।निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पीसीएफ द्वारा संचालित कौंच एवं जालौन के कई क्रय केंद्रों पर गेहूं का नियमित उठान नहीं हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, सभी क्रय केंद्रों पर बारदाना समय से उपलब्ध कराया जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और किसानों को सुचारु व्यवस्था का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूं खरीद प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्य किया जाए।

### एकतरफा प्यार में युवती की फावड़े से हत्या, हरदोई में सनसनी

**जन एक्सप्रेसध्हरदोई।** हरदोई। जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी रसूलपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एकतरफा प्रेम में पागल युवक ने युवती की फावड़े से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक लंबे समय से युवती पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। युवती द्वारा लगातार इंकार किए जाने से वह आक्रोशित हो गया। बताया जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर युवक ने मौका पाकर युवती पर फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खून से लथपथ शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में मामला एकतरफा प्रेम के चलते की गई हत्या का सामने आ रहा है।इस घटना ने एक बार फिर समाज के सामने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर ऐसे मामलों पर समय रहते प्रभावी रोकथाम क्यों नहीं हो पा रही है।

# शौर्य को नमन, सुरक्षा का संकल्प-अग्निशमन स्मृति दिवस पर जिलेभर में श्रद्धांजलि और जागरूकता अभियान

## सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल, अग्नि सुरक्षा के लिए जागरूक समाज थीम के साथ सप्ताह भर कार्यक्रम शुरू

**जन एक्सप्रेस । उरई**



14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डाकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में जनपद में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत जनपदभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। अग्निशमन केन्द्र उरई सहित कोंच, माधौगढ़, कालपी एवं जालौन में शोक परेड आयोजित कर शहीद अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मियों ने मौन रखकर वीर जवानों के त्याग और साहस को स्मरण किया। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारियों द्वारा डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों को पिन फ्लैग लगाकर अग्नि सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही प्रचार-प्रसार सामग्री भेंट कर सभी को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया।अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग द्वारा वाहनों को पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के संदेशों का व्यापक प्रसार किया गया। अग्निशमन वाहनों पर आकर्षक होर्डिंग लगाकर आमजन को आग से बचाव, प्राथमिक उपायों एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक किया गया।इसीक्रम में तहसील स्तर पर भी प्रभारी अग्निशमन अधिकारियों द्वारा विभिन्न अधिकारियों को पिन फ्लैग लगाकर अभियान से जोड़ा गया तथा रैलियों के माध्यम से पम्पलेट वितरित कर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें, आवश्यक सावधानियों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल अग्निशमन विभाग की सहायता लें, ताकि जन-धन की हानि को रोका जा सके।

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और सकल्प का अद्वितीय उदाहरण है: डीएम

## जाति, धर्म, आदि भेदभाव को भूलकर सभी के साथ समान व्यवहार करें: अनुनय झा

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पजलि अर्पित की। इस अवसर पर एडीएम वित्त व राजस्व प्रियका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी,डीडीओ एवं कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारियों ध् कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

कार्यक्रम में डीएम ने उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को डॉक्टर अम्बेडकर की जयती पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है तथा उनके विचार हमे एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते है. जहां हर नागरिक को शिक्षा, समाज अधिकार सम्मान और अवसर प्राप्त हो, हम उनके आदशों को अपनाकर सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के उनके सपने को साकार करने का सकल्प ले तथा जाति, धर्म आदि भेदभाव को भूलकर सभी के साथ समान व्यवहार करें और शिक्षा के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं न्यायिक ने भी अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

### भारत सरकार की सख़्त कार्रवाई के चलते उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ा

**आगरा।** एलपीजी की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं की सोच में साफ़ और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है; कमी की चिंता और घबराहट में खरीदारी के बजाए अब आपूर्ति में उनका भरोसा बढ़ा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार की सख़्त कार्रवाई, लगातार आपूर्ति और ज्यादा पारदर्शिता के चलते उन्हें विश्वास हो गया है कि बिना किसी रूकावट के एलपीजी की आपूर्ति जारी रहेगी। यही कारण है कि उनका व्यवहार अब शांत हो गया है, जो डिजिटल तरीकों के अडॉप्शन में तेज़ी और जमाखोरी की घटनाओं में आई कमी से साफ़ ज़ाहिर होता है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, मार्च 2026 से अब तक 1.28 लाख से ज्यादा इंस्पेक्शन किए गए और छापे मारे गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 59,000 से ज़्यादा एलपीजी सिलेंडर ज़ब्त किए गए हैं। इन लक्षित कार्रवाइयों का उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर रोक लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है।

# हालत बिगड़ने से युवक की मौत, जांच के जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादेपुर में अंबेडकर जयंती के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की अचानक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम शहजादेपुर निवासी अमरेंद्र सिंह उर्फ रोहित सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा हुआ था। बताया जा रहा कि वह गांव में कार्यक्रम के आयोजन के लिए चंदा एकत्र कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसके पेट में तेज दर्द उठा और वह असहज हो गया। परिजनों के अनुसार,अमरेंद्र सुबह तक बिल्कुल स्वस्थ था और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम की तैयारी कर रहा था। लेकिन अचानक तेज दर्द की शिकायत के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे कुठौंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही गांव में अंबेडकर जयंती का माहौल शोक में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि अचानक हुई इस मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अचानक स्वस्थ युवक की मौत से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### कतराई करा रहे किसान की हार्टअटैक पड़ने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में खेत की कतराई करा रहे किसान की हार्टअटैक पड़ने से मौत हो गई।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी 38 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के खेत में गेहूं की फसल बोई गई थी। मंगलवार को वह पुत्र राज व अन्य मजदूरों के साथ खेत की कटाई कर रहे थे। कटाई करते समय उनके सीने में दर्द हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी पुत्र को दी। जानकारी होने पर पुत्र तुरंत पिता को अन्य लोगों की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचा। जहां डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत के बाद पुत्र, पुत्री राधिका व पत्नी सुनीता का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे मेडिकल चौकी प्रभारी ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत मंगलवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा करनपुर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गई।

अरवल थाने की महिला आरक्षी मधुबाला ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के करनपुर में महिलाओ व किशोरियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व गुड़ टच, बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्राड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

### सरकार ने राष्ट्रव्यापी अभियान के द्वारा उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित की

**आगरा।** भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाज़ारी पर रोक लगाने के लिए अपने सिस्टम को काफ़ी मज़बूत बनाया है। साथ ही, सरकार ने देश भर में वास्तविक उपभोक्ताओं तक बिना किसी रूकावट के स्वच्छ ईंधन पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत, अकेले 11 अप्रैल, 2026 को 2,700 से ज़्यादा इंस्पेक्शन कर छापे मारे गए। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य अनियमितताओं का पता लगाना, घरेलू एलपीजी के गलत इस्तेमाल को रोकना और वितरण नेटवर्क में पारदर्शिता बढ़ाना है। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप्स के अचानक इंस्पेक्शन के साथ अपनी निगरानी तेज़ कर दी है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओ व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को थाना हरपालपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा जोधनपुरवा गांव में महिलाओ व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गई। हरपालपुर थाने की महिला आरक्षी सन्ध्या कुमारी व आशा सिंह ने मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के जोधनपुरवा गांव में महिलाओ व किशोरियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व गुड़ टच, बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्राड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षियों ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# बॉर्डर पर अवैध गांजा के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के सख्ती का असर, बार्डर पर तस्करों की कमर टूटी
- पुलिस-एसएसबी की संयुक्त टीम के चेकिंग में गांजा बरामद, आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में चालान

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




जनपद के भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी कोतवाली पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम को मंगलवार को अहम सफलता मिली। क्षेत्र के सीमा चौकी क्षेत्र बांध-2 के पास सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध नेपाली बाइक सवार दो युवकों को 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। हाल के दिनों में सीमा पर लगातार हो रही बरामदगी ने यह साफ कर दिया है कि पुलिस की कड़ी निगरानी से तस्करी सिंडिकेट की कमर टूटने लगी है।

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में भारत-नेपाल के अंतराष्ट्रीय सीमा पर प्रतिबंधित नशीले पदार्थों तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष पटेल एसएसबी जवानों के साथ सीमा पर लगातार चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में नेपाल नंबर प्लेट की यामाहा मोटरसाइकिल लू 6 प 413 को रोककर तलाशी ली गई तो दोनों युवकों के कब्जे से 500 ग्राम प्रतिबंधित गांजा की खेप बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नीरज कुमार (26) और अजीत कुमार (19) निवासी पाल्ही, थाना परासी, जिला नवलपरासी, नेपाल राष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी नेपाल राष्ट्र से गांजा लेकर भारत में सप्लाई के फिराक में थे। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बब्बन प्रसाद वर्मा, कांस्टेबल मनोहर यादव, निलेश पांडेय तथा एसएसबी के जवान इंद्रदेव यादव और प्रदीप कुमार शामिल रहे है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ठूठीबारी पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया है। उन्होंने बताया कि बार्डर एरिया में अवैध तस्करी और तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले कि बाघराय थाने की पुलिस ने मंगलवार को थाना इलाके के अलग-अलग स्थानों से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के पर्यवेक्षण में एसआई लालजी राम व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चौखड़ी देवर पट्टी गांव निवासी अजय सरोज पुत्र हरिश्चन्द्र को थाना इलाके के हीरागंज मोड़ के समीप गिरफ्तार किया गया। वहीं ?पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे दूसरे आरोपी राजाबाबू पुत्र अशोक कुमार को महिला एसआई कीर्ति रमन व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के बढ़ईपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय भेज दिया।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती, शोभायात्रा में लगे जय भीम के नारे





जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और गोष्ठियों का आयोजन कर बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद व उनके प्रतिनिधि किशन सोनी समेत काफी संख्या में लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। चेयरमैन शीतला प्रसाद ने बाबा साहेब के समानता, न्याय और सशक्तिकरण के विचारों को याद करते हुए कहा कि बाबासाहेब का जीवन समाज सुधार और शिक्षा के लिए समर्पित था और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। चैयरमैन प्रतिनिधि किशन सोनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान पूरे देश के लिए गर्व का विषय है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके विचार एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। वहीं सरौली के असलम खान ने भी काफी संख्या में लोगों के साथ डॉ. अंबेडकर को नमन करते हुए उनकी जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली। बरौली, विजरा व कटारी समेत आसपास के क्षेत्रों से शोभायात्रा लेकर कस्बा कोहड़ौर पहुंचे लोगों का चैयरमैन कार्यालय पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अंत में सभी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाई बाबा साहब की जयंती, श्रद्धासुमन किया अर्पित

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी बूथों पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। ?जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन वंचितों के उत्थान और महिला अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्श हमें एक समावेशी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। वहीं, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने बाबा साहब को सामाजिक न्याय का पुरोधा बताते हुए कहा कि उन्होंने संविधान के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी और देश की अखंडता के लिए हमेशा अडिग रहे। उन्होंने बताया कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी ने हर वर्ग को समान अधिकार और अवसरों की स्वतंत्रता देने वाला संविधान देकर हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। उन्होंने देश की अखंडता के लिए धारा 370 का मजबूती से विरोध किया। समाज को शिक्षित बनने और संगठित रहने का मंत्र देने वाले बाबासाहेब का जीवन यह सिखाता है कि जब संकल्प देशसेवा और लोगों के कल्याण का हो, तब हर बाधा छोटी हो जाती है। ?जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने जानकारी दी कि जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम के संयोजन में विधानसभा स्तर पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी और अनुसूचित बस्तियों में जनसंपर्क कर बाबा साहब के कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से सभी बूथों पर मनाई गई

जन एक्सप्रेस/आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से सभी बूथों पर मनाई गई। जनपद में स्थित बाबासाहेब की सभी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कलेक्ट्रे स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबासाहेब की प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं संग माल्यार्पण किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि संविधान शिल्पि भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पूरे जनपद के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से बाबासाहेब का जन्मदिन मनाया बाबा साहेब के अधूरे सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक बिना भेद-भाव के पहुंचाकर पूरा करने का काम कर रहे है । इस अवसर पर आजाद अनिमर्दन, सौदागर भारती मृगांक शेखर सिन्हा, अजय सिंह, नन्हकूराम सरोज,विनय प्रकाश गुप्ता राजेश सिंह महुआरी, नीरज सिंह, योगेंद्र यादव अजय मौर्या विवेक निषाद, अवनीश चतुर्वेदी, जितेन्द्र राय, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

# संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पुलिस कार्यालय आजमगढ़ में श्रद्धांजलि अर्पित

जन एक्सप्रेस। आजमगढ़




भारत के संविधान निर्माता एवं 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी* की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर *पुलिस कार्यालय जनपद आजमगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह* एवं *जनपदीय पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों* द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके महान विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना कार्यालयों एवं पुलिस इकाइयों में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके आदर्शों, सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का प्रेरणादायी जीवन हमें यह संदेश देता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास, परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अंबेडकर जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक समतामूलक, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर जनपद में आयोजित जुलूस, रैली एवं अन्य कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

आजमगढ़ पुलिस जनपदवासियों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग हेतु आभार व्यक्त करती है तथा भविष्य में भी शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा करती है।

# खेल सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला खेल स्टेडियम का निरीक्षण कर नव निर्मित वॉलीबॉल, लॉन टेनिस एवं बैडमिंटन कोर्ट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मैदान में उगी झाड़ियों और फैली गंदगी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को नगर पालिका एवं पंचायत के सफाई कर्मियों की संयुक्त टीम बनाकर नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि खिलाड़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

जिलाधिकारी ने लॉन टेनिस और वॉलीबॉल कोर्ट का निरीक्षण करते हुए मैदान के चारों ओर मिट्टी भराई कर किनारों को समतल करने के निर्देश दिए, जिससे खिलाड़ियों को चोट का खतरा न रहे। साथ ही टेनिस बॉल को बाहर जाने से रोकने के लिए मजबूत जाली लगाने पर भी जोर दिया। बैडमिंटन हॉल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि खिलाड़ी बेहतर तरीके से अभ्यास कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल सुविधाओं का विकास युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा कमियों को शीघ्र दूर कर खेल परिसर को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नवीन कुमार गोयल, उपजिलाधिकारी प्रेम शंकर पाण्डेय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बर्थडे पार्टी में बवाल, दोस्त के भाई पर चाकू से हमला

जन एक्सप्रेस। देवरिया

थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में रविवार की रात बर्थडे पार्टी के दौरान कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और एक युवक ने दोस्त के भाई पर चाकू से हमला कर दिया। बड़े भाई को बचाने के प्रयास में छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव में कुछ युवक अपने एक दोस्त का जन्मदिन मना रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने गांव निवासी मंगेश के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी।

सूचना मिलने पर मंगेश का छोटा भाई सर्वेश मौके पर पहुंचा और विवाद शांत कराने की कोशिश की। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी युवक ने पास रखा चाकू निकालकर सर्वेश पर हमला कर दिया, जिससे उसके कमर, पैर और हाथ में चोटें आईं।

# बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : विधायक सदर

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, ( पूर्ववर्ती नाम-राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय ) नरायनपुर संस्था में डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा की गयी। संस्था में अध्ययनरत छात्रों द्वारा बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर पर भाषण, कविता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को प्रकट किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने छात्रों को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों एवं विचारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और उनके सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अंबेडकर के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़कर समाज व देश के विकास में योगदान दें। कार्यक्रम का संचालन प्रशान्त कुमार मिश्र एवं कार्यक्रम का संयोजन प्रियंका सिंह एवं दीप्ती सिंह द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अखिलेश नारायण द्वारा धन्यवाद् ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। इसी प्रकार राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास लालगंज, पट्टी, कालाकांकर, रामपुर संग्रामगढ़ एवं लखपेड़ा कोटा भवानीगंज में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# डीएम ने अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कर कोटि-कोटि नमन किया

जन एक्सप्रेस। आजमगढ़



न्यायपूर्ण समाज वह है, जिसमें आदर की बढ़?ती भावना और तिरसकार की घटती भावना एक करुणामय समाज के निर्माण में विलीन हो जाती है- डॉ भीमराव अंबेडकर (14अप्रैल,1891-06 दिसंबर,1956)

*भारतीय संविधान के शिल्पी, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, न्यायविद भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी की पावन जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि कर कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने समतामूलक समाज, संविधान के आदर्श-स्वतंत्रता, समानता, न्याय, बंधुत्व सहित सबका साथ सबका विकास पर बल दिया।

इस अवसर पर सीआरओ संजीव ओझा, एडीएम गंभीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार आदि ने भी पुष्पांजलि कर अपने संबोधन में आंबेडकर जी के विचारों को साकार करने पर बल दिया।

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया गया।

## बिजलापार में निकाली गई कलश यात्रा

जन एक्सप्रेस। देवरिया

क्षेत्र के बिजलापार दुर्गा मंदिर परिसर से सोमवार को भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाला। जहां सभी ने सरयू नदी तट से वैदिक मंत्रों के बीच कलश में जल भरा। जिसे यज्ञ मंडप में स्थापित कराया गया।

कथावाचक अखिलेश्वर दास जी महाराज के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर परिसर से भक्तों ने कलश यात्रा निकाला। जो गांव के गली-कूचों के रास्ते होकर बरहज सरयू नदी तट पर पहुंचा। कलश यात्रा में जहां एक ओर महिलायें हाथों में कलश लिये मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं। इस मौके पर चंद्रगुप्त यादव,चंद्रजीत यादव, रामा यादव, विजय यादव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर चंद्रगुप्त यादव,चंद्रजीत यादव, रामा यादव, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में डीएम, एडीएम व कर्मचारियों ने डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जनपद में मंगलवार को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती को हर्षोल्लास व धूम-धाम से बनाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम महापुरुष हुए हैं, जिनके नाम पर संपूर्ण विचारधारा और जीवन दर्शन विकसित हुआ है। जिलाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जन्म से समान है और उसे समान अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। खासकर शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को उनके सिद्धांतों से अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मनुष्य की दृढ़ इच्छाशक्ति उसे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और यदि व्यक्ति ठान ले तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी सीमा भारती, तनवीर अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर समस्त विकास खण्डों, तहसीलों, नगर पंचायतों के कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा जनपद के विभिन्न स्थलों जहां पर डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है वहां पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं अम्बेडकर जयन्ती धूम-धाम से मनाया गया।

# ओबीसी राजनीति में उभरती ताकत

## कुशवाहा-कोईरी, सैनी समाज का बढ़ता दबदबा

**देश के तीन बड़े राज्यों में दो मुख्यमंत्री और एक उपमुख्यमंत्री- सामाजिक समीकरणों में बदलती तस्वीर**







**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

देश की ओबीसी राजनीति में इन दिनों कुशवाहा-कोईरी,सैनी समाज का प्रभाव तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। उत्तर भारत की राजनीति में इस समाज की पकड़ अब केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं रही, बल्कि सत्ता के शीर्ष पदों तक इसकी मजबूत पहुंच बन चुकी है। हरियाणा, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में इस समाज के नेताओं का शीर्ष पदों पर काबिज होना इसके राजनीतिक उभार की स्पष्ट तस्वीर पेश करता है। हरियाणा में नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनके नेतृत्व में सैनी समाज को नई पहचान और मजबूती मिली है। वहीं बिहार में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया जाना भी इस समाज के बढ़ते प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय से सक्रिय हैं और ओबीसी राजनीति का एक मजबूत चेहरा बने हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कुशवाहा-कोईरी सैनी समाज की जनसंख्या, संगठन क्षमता और लगातार बढ़ती राजनीतिक जागरूकता ने इसे सत्ता का अहम भागीदार बना दिया है। खासतौर पर भाजपा और अन्य दलों ने इस समाज को साधने के लिए रणनीतिक तौर पर बड़े पदों पर प्रतिनिधित्व दिया है, जिससे इसका प्रभाव और बढ़ा है।

गांव से लेकर शहर तक इस समाज की मजबूत सामाजिक संरचना और एकजुटता भी इसकी ताकत का प्रमुख कारण मानी जा रही है। चुनावी राजनीति में यह वर्ग निर्णायक भूमिका निभाने लगा है, जिसके चलते राजनीतिक दल इसे नजरअंदाज करने की स्थिति में नहीं हैं। आगामी चुनावों को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुशवाहा-कोईरी,सैनी समाज की भूमिका और भी अहम होने वाली है। सत्ता में भागीदारी के साथ-साथ यह समाज अब नीतिगत फैसलों पर भी प्रभाव डालने की स्थिति में पहुंचता दिख रहा है। ऐसे में ओबीसी राजनीति का यह नया उभरता समीकरण आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय कर सकता

# मरीज परेशान, जिम्मेदार मौन—नेहा डायग्नोस्टिक सेंटर की कार्यशैली पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




शहर के प्रयागराज रोड स्थित नेहा डायग्नोस्टिक इमेजिंग सेंटर में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यहां अल्ट्रासाउंड कराने आने वाले मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और उन्हें घंटों तक इंतजार कराया जाता है।

### जांच के नाम पर इंतजार और दुर्व्यवहार

मरीजों का कहना है कि जांच के लिए सुबह से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें लंबे समय तक बैठाए रखा जाता है। कई बार स्टाफ का व्यवहार भी मरीजों और उनके परिजनों के प्रति असंतोषजनक रहता है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### पुरानी मशीनों से जांच का आरोप, मरीजों की सेहत से खिलवाड़

इतना ही नहीं, केंद्र पर लगी मशीनों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां पुरानी मशीनों से जांच की जा रही है, जिससे जांच की विश्वसनीयता पर भी संदेह पैदा हो रहा है। गंभीर बीमारियों की जांच के लिए आने वाले मरीजों को इससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मरीज परेशान, जिम्मेदार बेखबर

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग इस पूरे मामले से अनजान कैसे बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों पर नियमित निरीक्षण हो तो इस तरह की शिकायतें सामने ही न आएं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो संबंधित केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों को सम्मानजनक और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# भाजपा ने मनाया समरसता दिवस प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के 'पंचतीर्थ' और अंत्योदय का संकल्प हो रहा सिद्ध





**प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष जी के संस्तुति पर, जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति जी द्वारा बचे हुए मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई जो इस प्रकार है**

- मंडल अध्यक्ष बेलवार : रूपेश सिंह
- मंडल अध्यक्ष सुजानगंज : संतोष पासी
- मंडल अध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर : राजीव केशरी
- मंडल अध्यक्ष तरहटी : श्मुकेश पटेल
- मंडल अध्यक्ष पवारा : अजय दुबे
- मंडल अध्यक्ष नवपेड़वा : जनार्दन गौड़

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज देशभर में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को 'समरसता दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति एवं वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय पर और जिले के प्रत्येक बूथ पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहेब से जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें वह सम्मान दिया, जिसके वे हकदार थे।

महू (जन्मभूमि), लंदन (शिक्षा भूमि), नागपुर (दीक्षा भूमि), दिल्ली (महापरिनिर्वाण भूमि) और मुंबई (चैत्य भूमि) आज करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा के केंद्र हैं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की हर योजना चाहे वह पीएम आवास योजना हो, उज्ज्वला योजना हो या आयुष्मान भारत बाबा साहेब के 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' के मंत्र को साकार कर रही है।

इन योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, पिछड़े और वंचित समाज के लोग हैं।

डॉ. अंबेडकर जी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं इसी सोच का परिणाम हैं।

जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि भाजपा का मानना है कि संविधान हमारे लिए पवित्र ग्रंथ है विपक्ष द्वारा फैलाए गए भ्रम के विपरीत, भाजपा सरकार ने ही 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की, ताकि युवा पीढ़ी बाबा साहेब के विजन को समझ सके।

जिला महामंत्री संदीप तिवारी ने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया' और 'मुद्रा योजना' के माध्यम से अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को उद्यमी बनाकर उन्हें जॉब सीकर के बजाय जॉब गिवर बनाया जा रहा है। ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने हेतु सामूहिक भोज का आयोजन वंचित वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और पुरस्कार वितरण और पिछड़ी बस्तियों में निःशुल्क चिकित्सा और दवा वितरण किया गया है।

जिला महामंत्री अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने बाबा साहेब का नाम तो लिया, लेकिन उन्हें हमेशा चुनाव हराने और अपमानित करने का काम किया।

इसके विपरीत, भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के विचारों को नीतिगत ढांचा प्रदान किया है। आज देश का राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पद उन वर्गों का प्रतिनिधित्व करता है, जिनके लिए बाबा साहेब ने जीवन भर संघर्ष किया।

हमारे लिए सामाजिक समरसता चुनावी नारा नहीं, बल्कि 'अटूट निष्ठा' है। जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक 'विकसित भारत' का सपना अधूरा है बाबा साहेब की जयंती पर हम उनके द्वारा दिखाए गए 'समानता और बंधुत्व' के मार्ग पर चलने का अपना संकल्प पुनः दोहराते हैं।

जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक समुदाय के नेता नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक थे कांग्रेस ने दशकों तक उन्हें अपमानित किया और उनके योगदान को दबाने का प्रयास किया, लेकिन भाजपा ने उन्हें राष्ट्र के नायक के रूप में स्थापित किया है आज का भारत बाबा साहेब के सपनों का भारत है, जहाँ सशक्तिकरण का आधार तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टीकरण है इस अवसर पर देश के कोने-कोने में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्तियों में जाकर सामाजिक समरसता भोज का आयोजन किया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने सभी मनोनीत मण्डल अध्यक्ष को बधाई को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त किए कि सब लोग अपने काम को बखूबी निभायेगे। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष परविंदर चौहान सतीश दुबे दीपक सिंह मंटो घनश्याम यादव शुभम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# जौनपुर में मेडिकल कचरे का 'जहर': गणेश मेमोरियल एक्सल हॉस्पिटल पर गंभीर आरोप, फोटो से खुली पोल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर शहर के सिपाह-आजमगढ़ रोड स्थित बलोच टोला इलाके में गणेश मेमोरियल एक्सल हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में है। नर्सिंग होम द्वारा मेडिकल कचरे के खुले में निस्तारण का मामला अब और गंभीर हो गया है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के दावों को झूठा बताते हुए कूड़ा फेंकते समय की तस्वीरें भी जुटाई हैं।

आरोप है कि अस्पताल से निकलने वाला खतरनाक बायो-मेडिकल वेस्ट—जिसमें इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, सूई, सिरिंज और दवाओं के अवशेष शामिल हैं—रोजाना सड़क किनारे और रिहायशी इलाकों में फेंका जा रहा है। लोगों का कहना है कि 4-5 बोरे तक कचरा रोज उनके घरों और दुकानों के सामने डाला जाता है, जिससे संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन दावा कर रहा है कि उनका कचरा नियमित रूप से नगर पालिका की गाड़ी को दिया जाता है और इसके लिए भुगतान भी किया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को झुठला रही है। स्थानीय लोगों और सफाई कर्मियों के अनुसार, कई बार मौखिक शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ।

बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट *नियम, 2016 के तहत मेडिकल कचरे को खुले में फेंकना पूरी तरह प्रतिबंधित है*। इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है और अब वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो यह इलाका किसी बड़ी बीमारी का केंद्र बन सकता है। नगर पालिका परिषद जौनपुर में स्वास्थ्य विभाग को भी इस बारे में विधिवत अवगत कराया गया उनके इंस्पेक्टर ने नोटिस अस्पताल को देने की बात कही मगर सब हवा हवाई लग रहा है। अधिशासीय अधिकारी नगर पालिका को भी इस बारे में अवगत कराया गया उन्होंने भी कहा कार्यवाही की जाएगी। रासमंडल वार्ड का सफाई नायक जो की दिन में अधिकांश समय इसी एरिया में अपने काम को देखरेख करते हैं।

उनके भी संज्ञान में पूरी तरीके से बात है। अब देखना यह है कि नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस गंभीर लापरवाही पर कब और क्या कार्रवाई करते हैं, या फिर यूं ही लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होता रहेगा।

## अंबेडकर तिराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पहुंचे गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने डॉ अंबेडकर के जन्मोत्सव पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस दौरान मीडिया से

बात करते हुए उन्होंने कहाकी आज वो जौनपुर स्थित अपने पैतृक गांव बीसुई बराई पहुंचे थे। अगले महीने उनके गांव में बन रहे स्वयंभू शिवमन्दिर का उद्घाटन करने सीएम योगी आएंगे इस लिए आज उन्होंने मंदिर का निरीक्षक किया और पिंड्रा विधानसभा में बन रहे अस्पताल और जौनपुर के मडियाहूं में निरीक्षण किया जिसकी रिपोर्ट से कल गोरखपुर में सीएम को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहाकी संविधान के साथ आगे किसी ने खिलवाड़ किया है तो वो कांग्रेस है, मोदी सरकार ने हमेशा उनका सम्मान किया है और आज बड़े हर्षोल्लास के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। रवि किशन ने कहाकी विपक्ष अपनी हार का इंतजार करे जो 2027 में फिर उसे मिलने वाली है। पांच राज्यों के चुनाव पर बोलते हुए रवि किशन ने कहाकी, कलकत्ता हम जीत रहे, असम हम जीत रहे, पांडिचेरी में सीटें बढ़ेंगी, तमिलनाडु में सीटें बढ़ेंगी ये बात दावे के साथ कह सकता हूं,इस बार हम बंगाल में सरकार बनाने जा रहे है।

# जौनपुर का नाम रोशन: वरिष्ठ पत्रकार रियाजुल हक को 'पद्म श्री ग्लोबल एक्सीलेंट अवार्ड', सेवा और पत्रकारिता को मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जौनपुर के लिए यह गौरव का क्षण है, जब वरिष्ठ पत्रकार रियाजुल हक को उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता और उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित 'पद्म श्री ग्लोबल एक्सीलेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। प्रयागराज के ऐतिहासिक टाउन हॉल में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान जीवरन फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया।

करीब डेढ़ दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रियाजुल हक ने अपनी निर्भीक और जनहितकारी लेखनी से एक अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में 'भारत प्रेस क्लब' के जिला अध्यक्ष के रूप में वे पत्रकारों के अधिकारों और हितों की मजबूती से आवाज उठा रहे हैं।

सिर्फ पत्रकारिता ही नहीं, बल्कि समाज सेवा में भी उनका योगदान बेहद सराहनीय रहा है। 'लावारिस शव इंतजामिया कमेटी' के माध्यम से उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए लावारिस शवों को सम्मानजनक अंतिम संस्कार दिलाने का कार्य शुरू किया, जो आज एक प्रेरणादायक अभियान बन चुका है।

वहीं 'अशियम जन कल्याण फाउंडेशन' के जरिए उन्होंने कोविड काल से लेकर अब तक शिक्षा, जागरूकता और टीकाकरण जैसे अहम मुद्दों पर निरंतर कार्य किया है। इसके अलावा वे मर्सी क्लब, जिला अपराध निरोधक कमेटी, मदर टेरेसा फाउंडेशन और सिविल डिफेंस जैसी संस्थाओं से जुड़कर समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस सम्मान की खबर जैसे ही जौनपुर पहुंची, पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनमानस ने इसे जौनपुर की प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए रियाजुल हक को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह सम्मान न केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि है, बल्कि जौनपुर की मिट्टी से उठी उस आवाज़ का सम्मान है, जो समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तीन दिवसीय वशिष्ठ महोत्सव 5 मई से

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** बस्ती जनपद के स्थापना दिवस के अवसर पर तीन वशिष्ठ महोत्सव का आयोजन आगामी 5 मई से लेकर 7 मई तक किया जाएगा। महोत्सव में विभिन्न प्रकार के खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। जिसको लेकर मंगलवार को शहीद सत्यवान स्टेडियम में एक आवश्यक बैठक राना दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वशिष्ठ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कहा कि खेलकूद में जनपद स्तरीय बालक बालिका सीनियर आयु वर्ग में वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी और खो खो जूनियर बालक बालिका वर्ग में प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होना है। कार्यक्रम में जनपद स्तर से लगभग 700 खिलाड़ी और प्रदेश स्तर से 1000 खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। गैर जनपद से आने वाले खिलाड़ियों के रहने, भोजन आदि पर भी चर्चा की गई। तीन दिन के कार्यक्रम में दूसरे दिन 6 मार्च को सुबह बैंड पार्टी के साथ महर्षि वशिष्ठ मार्च निकाला जाएगा और उसी दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित है, जिसमें प्रदेश स्तर के कलाकार शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार, जनता इंटर कॉलेज पोखरा बाजार के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर ओझा, मंडलीय क्रीड़ा सचिव अमित यादव, विवेक श्रीवास्तव, रमेश चंद्र गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, प्रदीप पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, रणधीर सिंह, राम सिंह, रंजीत सिंह, स्वाति गौड़, पंकज चौधरी, चंद्रमणि मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### बाबा साहब की जयन्ती पर समाजवादियों ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती अवसर पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष युनूस आलम के संयोजन में राजकीय इण्टर कॉलेज के निकट रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन करते हुये सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब की स्मृति में रक्तदान की पहल सराहनीय है। रक्तदान के द्वारा हम दूसरों की जान बचाने का माध्यम बनते हैं। शिविर में सपा नेता




अरविन्द सोनकर, युनूस आलम, प्रवीण पाठक, नियाज अहमद, ऐजाज अहमद, अकबर अली, शरद तिवारी, दिनेश तिवारी, सुरेन्द्र यादव, राहुल सोनकर, कुतुबुद्दीन, डी.के., सुनील कुमार वर्मा, गौतम यादव, मो. आसिफ, रवि सोनी के साथ ही 25 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर को सम्पन्न कराने में राम सिंह यादव, भोला पाण्डेय, मो. सलीम, हनुमान गोंड, सलमान, मो. हारिश, विशाल सोनकर, राहुल विश्वकर्मा, मो. नसीम, रमेश गौतम, बब्लू खान आदि ने योगदान दिया।

# दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी को सोनहा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जनपद बस्ती के थाना सोनहा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने अपहृत महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार, 10 फरवरी 2026 को थाना सोनहा में महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के संबंध में मु0अ0 सं0 26/2026 पंजीकृत किया गया था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (क्ष्हस्) की धारा 87, 352, 351(3), 142, 64(2)रू एवं 127(4) के तहत अभियोग दर्ज किया गया था।

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में मंगलवार को दोपहर 1:35 बजे पुलिस ने चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास से आरोपी अभिषेक पुत्र जैसराम (उम्र लगभग 21 वर्ष), निवासी परसोंहिया पाण्डेय, थाना सोनहा, जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए माननीय न्यायालय बस्ती भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जयशंकर पाण्डेय, कांस्टेबल अजय कुमार, राजेन्सी वर्मा एवं महिला कांस्टेबल मंजू यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अंबेडकर जयंती पर सपा का शक्ति प्रदर्शन: 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' के संकल्प के साथ गूंजा जौनपुर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी जौनपुर ने समता, समानता और ज्ञान दिवस के रूप में भव्य आयोजन कर एकजुटता और सामाजिक न्याय का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली।

प्रातः अंबेडकर तिराहा स्थित पार्क में सैकड़ों सपाजनों ने एकत्र होकर बाबासाहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। 'जय भीम' और 'बाबा तेरा मिशन अधूरा, पीडीए समाज करेगा पूरा' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके बाद जिला कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने बाबासाहब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि बाबासाहब का 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए समाज संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विचार गोष्ठी को पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, सुशील दुबे, दीपचंद राम समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने बाबासाहब के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में बाबासाहब के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। अंत में, समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी राजबहादुर यादव के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## पुलिस की मिली भगत से सामूहिक भूमि में जबरन निर्माण का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

खुटहन शेखपुर सुतौली गांव में सामूहिक बाग की भूमि पर जबरन पक्का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित विनोद कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि उक्त बाग में उनका सहित कुल पांच लोगों का हिस्सा है, लेकिन एक पक्ष द्वारा बिना फाट (बंटवारा) कराए ही निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि एसडीएम शाहगंज द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से यह कार्य कराया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंचती है तो कुछ समय के लिए निर्माण रुक जाता है, लेकिन पुलिस के जाते ही दोबारा शुरू कर दिया जाता है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल निर्माण रुकवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि न्यायालय का कोई स्टे नहीं है।

### अंबेडकर जयंती पर जौनपुर में श्रद्धा का सैलाब, जनपद भर में हुआ नमन और संकल्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को पूरे जनपद में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र और संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर का योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बाबा साहब को महान शिक्षाविद, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और मानवता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके जीवन के मूल मंत्र—सामाजिक न्याय, समरसता और समानता—हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से इन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में भी जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) परमानंद झा, अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर सामाजिक समरसता मंच द्वारा डाक्टर अम्बेडकर जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** कार्यक्रम से पूर्व बाबा साहेब की प्रतिमा पर डांक्टर अम्बेडकर पार्क में माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया, उसके बाद सभागार, जिला पंचायत में बाबा साहेब और भारत माता के चित्रों पर अथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र सिंह क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने कहा कि बाबा साहेब ने जिन विकृतियों के कारण बौद्ध धर्म को अपनाया, अगर ऐसा न करते तो देश में जगह जगह केरल और जम्मू कश्मीर हो जाते। मुख्य अतिथि राजेन्द्र क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघषों भरा रहा उनके जीवन संघर्ष को देश सदा स्मरण करेगा, उन्होंने हिन्दू धर्म को बटने नहीं दिया। विशिष्ट अतिथि डाक्टर सौरभ मालवीय प्रदेश महामंत्री विद्या भारती, लखनऊ ने कहा कि बाबा साहब को यदि बाबा साहेब को ऋषि की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। भारत लम्बे समय तक गुलाम रहा बाबा साहेब ने शिक्षा व्यवस्था के दम पर देश को समान अधिकार संविधान के रूप में दिए।सरदार स्वर्ण सिंह प्रान्त संघ चालक ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान गरीब, दलित और महिलाओं में समानता के अधिकार दिए है। कार्यक्रम डाक्टर राम नरेश, परिक्रमा प्रसाद प्रधानाचार्य, श्याम किशोर बेचैन कवि, गंगा राम एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजन चन्दन लाल वाल्मीकि ने बताया कार्यक्रम में वंचित समाज के प्रबुद्ध और अपने अपने क्षेत्र में दक्ष लोगों को डाक्टर अम्बेडकर रत्न सम्मान के रूप में, प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र, मीठी नीम का पौधा और पुष्प माला देकर सम्मानित किया। अम्बेडकर रत्न से सम्मानित होने बालों में महंत रवि



वाल्मीकि आश्रम कनवाखेडा सीतापुर केन्द्र लखीमपुर जहां बाबा खाक शाह महाराज की तपो भूमि में विशाल वाल्मीकि आश्रम के मंहत हैं। जिनकी देख रेख में जिले में तमाम वाल्मीकि आश्रम सलैमपुर कोन, खैरीगढ, सिंगाही, ओयल और वाल्मीकि मुक्तिधाम की नींव रखी। श्री श्याम किशोर बेचैन को अपने स्वच्छकार के राष्ट्रीय मंचों पर झाडू छोडे कलम उठाओ के लिये, दुर्गे उर्फ दुर्गा प्रसाद गिहार समाज, सदस्य जिला पंचायत, शहीद भगत सिंह निःस्वार्थ सेवा समित के संस्थापक जसपाल पाली, डाक्टर राजेश गौतम गरीबो और बेसहायों को निशुल्क चिकित्सा और परामर्श दे कर देश की सेवा में अपना योगदान दे रहे है।शिक्षा के क्षेत्र में परिक्रमा प्रसाद संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ अम्बेडकर इण्टर कॉलेज, तथा क्षमा टंडन को साहित्य जगत में लखीमपुर का नाम देश भर में सुशोभित करने वाले सुरेश सौरभ बाबू चैधरी पेन्टर समाज सेवी निराश्रित विक्षिप्त बच्चियों की देख रख के लिए, सांसिया समाज से दीपेन्द्र सिंह राना एडवोकेट, इसके अलावा संघर्षों से पढ़ लिख कर डॉक्टर मनीष चंद्रा जिला प्रशिक्षण अधिकारी, और बाबा साहेब के शैक्षिक आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले सरोज कुमार जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी को और गायन क्षेत्र में योनित पुरी सुश्री रोशनी शर्मा, सुश्री प्रियांशी शर्मा गायन क्षेत्र में सम्मानित किया। स्वागत और सम्मान करने वालों में सामाजिक समरसता मंच के सह संयोजक गंगा राम, मयूरी नागर, पूजा चौहान, ने सम्मानित किया। सभा का संचालन वरिष्ठ समाज सेवी राम मोहन गुप्ता सह संयोजक आयोजन समिति ने किया।सभा में सदर विधायक विधायक योगेश वर्मा,डॉक्टर राम नरेश, सह संयोजक सामाजिक समरसता अवध प्रांत, अवधेश जिला संघ चालक, अविनाश विभाग प्रचारक, संजीव जिला कार्यवाह, अमरेश सह कार्यवाह, हरबंश पासी संपर्क प्रमुख, मुकेश धीमान सह जिला कार्यवाह, नीरज सिंह विभाग संपर्क प्रमुख, विजय सह नगर कार्यवाह, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख, दिव्या सिंह ब्लाक प्रमुख, देव दत्त चड्ढा, मंजू लता श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, आशु मिश्रा, संतोष कुमार, गंगा राम एडवोकेट, सुरेंद्र शरण वाल्मीकि, कुंवर विकेंस, बबलू वाल्मीक, अभ्यास वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, बंपी वाल्मीकि, बी एल गौतम, अयोध्या प्रसाद गौतम कुमार अभिनव, आयुष्मान, सहित भारी संख्या में अम्बेडकर के अनुयाई उपस्थित रहे।

# समाजवादी मजदूर सभा में संगठन विस्तार

## हाजी डा0रईस अहमद उस्मानी राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

### पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी व खुशी का इजहार

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन



लखीमपुर-खीरी। लखनऊ अखिलेश यादव जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के निर्देश एवं श्याम लाल पाल जी, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की संस्तुति पर समाजवादी मजदूर सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम पूर्व मंत्री ने संगठन विस्तार करते हुए, हाजी डाक्टर रईस अहमद उस्मानी जी को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में जारी प्रेस ज्ञापित पत्रांक 0997/26 के अनुसार, पार्टी नेतृत्व ने हाजी डाक्टर रईस अहमद उस्मानी जी की सक्रियता और पार्टी के प्रति उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम जी ने कहा, कि पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवा एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं तथा महिलाओं को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने विश्वास जताया, कि डाक्टर रईस अहमद उस्मानी जी अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगें। नव नियुक्त राष्ट्रीय सचिव रईस अहमद उस्मानी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए पूरी मेहनत से कार्य करेंगें, तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का सतत प्रयास भी करेंगें। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है, और इसे पार्टी को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# बाबा साहेब ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का किया कार्य : शिव प्रसाद द्विवेदी

### राष्ट्र निर्माण में अंबेडकर के प्रयास प्रेरणादायकः शिव प्रसाद द्विवेदी

### बाबा साहब ने देश को एकता का पढ़ाया पाठः शिव प्रसाद द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



राष्ट्रीय लोकदल ने धूमधाम से मनाई संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर जयंती, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को किया याद शहर लखीमपुर के हाथीपुर कोठार (निकट रथ मंदिर) स्थित राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) कार्यालय पर मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व रालोद जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद द्विवेदी ने किया, जिसमें सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई इसके पश्चात विलोबी मेमोरियल हॉल के सामने अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बाबा साहेब द्वारा समाज में समानता, शिक्षा और संविधान निर्माण के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया, गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को दुनिया का बेहतरीन संविधान दिया और सबको बराबरी का हक दिया। देश को राष्ट्रीय एकता, शांति और न्याय का पाठ पढाया वही रालोद के सदर विधानसभा अध्यक्ष राहुल उर्फ कार्तिकेय वर्मा ने डॉ अम्बेडकर को युग पुरूष बताते हुए कहा कि अम्बेडकर ने सबको हक व अधिकार दिया बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर हम स्वच्छ, सुंदर और भेद खुशहाल राष्ट्र का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर सनी कश्यप ऐश्वर्या धुरिया एडवोकेट जिला महासचिव कार्तिकेय वर्मा राहुल विधानसभा अध्यक्ष नीरज मिश्रा और सोनू जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार पांडे जिला सचिव राम सिंह परवेज खान मोहम्मद हबीब खान नाजिम अली जिला महासचिव शब्बीर हुसैन हकीम जी अजय श्रीवास्तव संदीप पटवा अनुराग शुक्ला प्रकाश चंद वर्मा संजीत मिश्रा उपेंद्र सिंह चौहान रंजीत वर्मा चंद्रप्रकाश वर्मा अनूप वर्मा राज श्रीवास्तव, मोहिद अहमद एडवोकेट, मीडिया प्रभारी सुधांशु श्रीवास्तव सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा साहेब का नाम रहेगा जैसे जोशीले नारों से माहौल को गूंजायमान कर दिया। बाबा साहेब का विचार आज भी जन-जन के मन में जीवित है और उनके सिद्धांत समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे डा. भीमराव अम्बेडकर ने सर्व समाज की भलाई के लिए सभी को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया।

# भू-माफियाओं पर फर्जी मुकदमा दर्ज

### दुकान हड़पने और जान से मारने की धमकी का आरोप



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शहर के संकट देवी रोड स्थित श्री जयेन्द्र बाल एवं महिला सदन' की प्रबंधिका श्रीमती अनारकली शुक्ला ने कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर देकर भू-माफियाओं के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि कुछ लोग फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी दुकानों पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,अनारकली शुक्ला पत्नी स्व. कुबेरशंकर शुक्ला की संपत्ति पर 'निर्मल शर्मा' नाम के एक व्यक्ति किराएदार थे। निर्मल शर्मा ने संपत्ति को लेकर न्यायालय में एक वाद दायर किया था, जिसे कोर्ट ने 18. फ़रवरी.2017 को निरस्त कर दिया था। इसके खिलाफ की गई अपील भी 11. दिसम्बर .2018 को खारिज हो चुकी है।तहरीर में आरोप लगाया गया है कि निर्मल शर्मा की मृत्यु के बाद, उनके विधिक उत्तराधिकारी अमन शर्मा ने शहर के कथित भू-माफिया गोविन्द प्रसाद गुप्ता और दिलीप कुमार के साथ मिलकर एक गहरी साजिश रची। आरोप है कि इन लोगों ने मिलीभगत कर एक फर्जी मुकदमा दायर किया और धोखाधड़ी के जरिए 'श्री जयेन्द्र बाल एवं महिला सदन' की दुकानों को हड़पने का प्रयास किया।दीवार तोड़कर कब्जे की कोशिश घटना 13 अप्रैल 2026 की दोपहर लगभग 3:25 बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि गोविन्द प्रसाद गुप्ता, दिलीप कुमार और उनके अन्य साथियों ने दुकान की पिछली दीवार तोड़कर सामान निकालने और उस पर कब्जा करने की कोशिश की। जब प्रार्थिनी और उनके कर्मचारियों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही, उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। कार्रवाई की मांग पीडिता श्रीमती अनारकली शुक्ला ने कोतवाली प्रभारी को पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस पत्र की प्रतियां माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गई हैं।

# यूट्यूब से सीखा एटीएम में प्लेट और टेप लगाकर पैसे निकलना पीड़ित ने पीटकर पुलिस को सौपा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर में इंडियन बैंक के एटीएम में प्लेट लगाकर पैसे निकालने वाले आरोपी को पीड़ित ने रंगे हाथ दबोच लिया। जिसके बाद पीड़ित ने उसे पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के आवास विकास निवासी अमित कुमार यादव सरकारी अध्यापक है वर्तमान में बिल्हौर में तैनात है। अमित ने बताया कि वह मंगलवार को कल्याणपुर पनकी रोड स्थित इंडियन बैंक के एटीएम से पैसा निकालने आए थे इसी दौरान उन्होंने पैसा निकालने के लिए जैसे ही एटीएम लगाए और पिन कोड डाला तो उनके फोन में पैसे कटने का मैसेज आया लेकिन 1000 नहीं निकले। इसके बाद वह वापस चले गए कुछ देर बाद उसी एटीएम पर वह वापस आए तो एक युवक प्लेट लगाकर एटीएम से पैसा निकालते दिखा शक होने पर उन्होंने उसे वहीं पकड़ लिया तो वह भागने लगा। इसके बाद उन्होंने शोर मचा कर राहगीरों को बुलाया और 112 नंबर डायल कर सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कल्याणपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा। और युवक को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़ा गया युवक ने अपना नाम सुधीर कुमार गौतम निवासी बैरी रूरा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात बताया तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से टेप फेवीक्विक और चाकू व पीड़ित का 1000 भी बरामद हुआ पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह काम उसके दोस्त विकास ने यूट्यूब के माध्यम से सिखाया था उसने पहले भी कई जगह पर इस तरह से पैसे निकाले थे आज वह कल्याणपुर एटीएम के पास आया था जैसे ही पीड़ित एटीएम के बाहर से निकाला उसके बाद वह प्लेट लगाकर पैसा निकल ही रहा था तभी उसे दबोच लिया गया।

### सुबह दस बजे से पहले का रहता था टारगेट

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने यह भी बताया कि वह यह काम सुबह 10 :00 बजे से पहले कर लेता था उसके बाद बैंक खुल जाती तो बैंक की कर्मचारी सीसीटीवी कैमरे में देख लेते थे जिस वजह से पकड़ जाने का खतरा हमेशा बना रहता था इस वजह से वह यह काम सुबह 10 :00 बजे से पहले करते थे पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि गांव का ही रहने वाला दोस्त विकास ने उसे ही है सिखाया था जिसके बाद से लगातार यह कार्य कर रहा था

### बोले ट्रेनी (आईपीएस)

कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक ट्रेनी (आईपीएस) सुमेध मिलिंद जाधव ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कि जा रही है जल्द ही इसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया जायेगा युवक के पास से चाकू टेप और फेवीक्विक बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम कल्याणपुर के पनकी रोड चौकी प्रभारी विपिन मोरल, उप निरीक्षक मनमोहन सिंह, विशेष चौधरी,करन व उनकी पूरी टीम।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पेट्रोल पंपों पर डीजल की भारी किल्लत

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम के बाद अमेरिका की धमकी का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर सीधे दिखाई देता है जिसके चलते पर्याप्त आपूर्ति न होने से पेट्रोल पंप मालिकों को डिपो पर पर्याप्त सप्लाई न होने के चलते डीजल की लिमिट निर्धारित कर वितरण शुरू किया है। पंप संचालकों का कहना है डिपो पर तेल न होने के चलते अधिकारियों के साथ बैठक कर अव्यवस्था रोकने के चलते प्रति व्यक्ति को 1000 का डीजल देने की व्यवस्था लागू की गई है जबकि पेट्रोल के लिए लिमिट का प्रावधान नहीं रखा गया है। किसानों को इस समय सर्वाधिक खेती-बाड़ी के लिए डीजल की आवश्यकता होती है जिससे वह व्यवस्था से खासा परेशान हो रहा है। नाम न छापने पर बताया डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ मौजूद नहीं है जिसके चलते हालत खराब होने पर आधार कार्ड की व्यवस्था लागू हो सकती है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ ठीक-ठाक और पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध होने का ढोल पीट रहे हैं जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है।

### विधवा ने परिजनों पर मकान हड़पने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में एक विधवा ने परिवार के लोगों पर जबरन मकान की भूमि पर सरकारी आवास बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। शंकरपुर छावनी निवासी आरती देवी ने बताया उसके पति की मौत हो गई थी जीवन यापन के लिए संकट खड़ा हो गया छोटे-छोटे बच्चों को लेकर और शहर में कमाने खाने निकल गई थी वापस आने पर अपने टूटे बड़े मकान में बच्चों के साथ रहने लगी परिवार के लोगों द्वारा महिला से अभद्रता करते हुए उसे घर से निकाल कर मकान हड़पने का प्रयास करने लगे जिसको लेकर पीड़ित ने मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है कार्रवाई न होते देख एसडीएम से मिलकर शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जे रुकवाने को लेकर गुहार लगाई है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जांच कर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### खेत में मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। थाना क्षेत्र भीरा के गांव गोंधिया व पड़रियातुला के बीच में खेत में एक युवक का शव पड़ा मिला है। शव के गर्दन पर चोट के निशान मिले हैं। मृत युवक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी रामू के रूप में हुई है।मृतक के परिवारजन ससुरालियों पर युवक की हत्या कर शव खेत मे फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। मृत रामू की ससुराल गोंधिया में थी। उसकी शादी गांव के खुशी राम की लड़की राधा के साथ हुई थी। तीन माह पहले राधा की जहर खाने से मौत हो गई थी। उस घटना को लेकर मायके व ससुराल पक्ष में आरोप प्रत्यारोप चल रहे थे और उसी बात को लेकर दोनों पक्षो में रंजिश भी चल रही थी। मृत खुशीराम शराब पीने का आदी था।बताया गया है कि रात में शराब पीकर वह घर से निकल गया था और आज सुबह उसकी लाश मिली है। वह अपने घर से गोंदिया गांव के करीब कैसे पहुंचा यह रहस्य बना हुआ है। परिवार के लोग भी कुछ नही बता पा रहे है।

## बूंद-बूंद की समझी कीमत, स्प्रिंकलर से बदली किस्मत

# बिजली-पानी की बचत कर पाली भोगीपुर का किसान बना 'लखपति', सालाना कमाई 5 लाख के पार

## 90% सब्सिडी पर फुहारा सिंचाई अपनाकर राम जीवन ने पेश की नजीर

> पहले बिजली का बिल और पानी की किल्लत बड़ी समस्या थी। स्प्रिंकलर लगने के बाद अब कम बिजली में पूरा खेत आसानी से सींच जाता है। सरकार की मदद से मेरी सालाना आय 2 लाख से बढ़कर 5 लाख रुपये के पार पहुंच गई है। बचत की गई बिजली और पानी ही हमारी असली कमाई है।
>
> **रामजीवन, किसान**

> योगी सरकार का प्राथमिकता वाला क्षेत्र जल संरक्षण है। पाली भोगीपुर में राम जीवन ने जिस तरह 90% सब्सिडी का लाभ उठाकर स्प्रिंकलर और खेत-तालाब को जोड़ा है, वह जरूरी है। इससे न केवल किसान की लागत घटी है, बल्कि बिजली और पानी की भारी बचत हो रही है। हम चाहते हैं कि क्षेत्र के अन्य किसान भी बिजली-पानी बचाने वाले इस मॉडल को अपनाएं।
>
> **आर.पी. कुशवाहा, भूमि संरक्षण अधिकारी**

- 1- खेती का 'मल्टी-लेयर' मॉडल और मुनाफा
  राम जीवन ने अपनी 8.5 बीघा जमीन पर फसलों का ऐसा चक्र तैयार किया है कि हर मौसम में आमदनी बनी रहती है। वो हर मौसम की खेती करते हैं।
- 2- सब्जियां व अनाज: 3 बीघा में शिमला मिर्च, 2 बीघा में घुइयां, 4 बीघा में मक्का और आलू-टमाटर की खेती।
- 3- मछली पालन: 1 बीघा में 'खेत-तालाब' बनाकर वे मछली पालन कर रहे हैं।
- 4- जीरो बजट खाद: दो गायों के जरिए स्वयं केंचुआ खाद और जीवामृत तैयार करते हैं, जिससे रासायनिक खाद का खर्च शून्य हो गया है।







जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' (प्रति बूंद अधिक फसल) मुहिम अब गांवों में रंग लाने लगी है। सरसौल ब्लॉक के पाली भोगीपुर गांव के प्रगतिशील किसान राम जीवन ने इस योजना को अपनाकर न केवल अपनी तकदीर बदली है, बल्कि गिरते भूजल स्तर को बचाने के लिए एक बड़ा संदेश भी दिया है। स्प्रिंकलर (फुहारा सिंचाई) के जरिए उन्होंने पानी और बिजली की बर्बादी को न्यूनतम स्तर पर लाकर खेती को फायदे का सौदा बना दिया है।

### स्प्रिंकलर से 50% तक बचत

राम जीवन की सफलता का सबसे अहम पहलू पानी और बिजली की बचत है। जहाँ पारंपरिक सिंचाई (नाली द्वारा) में आधा पानी जमीन सोख लेती थी या वाष्पित हो जाता था, वहीं अब स्प्रिंकलर तकनीक से फसलों को 'बारिश की बूंदों' की तरह जरूरत के अनुसार पानी मिलता है। रामजीवन को पहले जहाँ 8.5 बीघा खेत सींचने के लिए 10 एचपी की भारी मोटर घंटों चलानी पड़ती थी, अब वही काम मात्र 5 एचपी की मोटर से आधे समय में पूरा हो जाता है। इससे बिजली के बिल में भारी कटौती हुई है। फुहारा सिंचाई से पानी सीधे पौधों की जड़ों और पत्तियों तक पहुँचता है, जिससे पानी की बर्बादी रुकी है और कम पानी में ज्यादा रकबा सींचा जा रहा है।

### 90% सरकारी अनुदान मिला

राम जीवन बताते हैं कि यह बदलाव योगी सरकार की भारी सब्सिडी के बिना संभव नहीं था। स्प्रिंकलर सिस्टम लगवाने के लिए उन्हें 90 प्रतिशत का सरकारी अनुदान मिला। लाखों की लागत वाला यह आधुनिक सिंचाई सिस्टम उन्हें मात्र 27,000 रुपये के अंशदान पर उपलब्ध हो गया। यह उन किसानों के लिए बड़ी प्रेरणा है जो संसाधनों के अभाव में आधुनिक तकनीक से कतराते हैं।

# पीहू पैंथर्स बनी चैंपियंस कप विजेता

## फाइनल में 12 रन से रॉयल क्रिकेट अकादमी को हराया




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

**मो. सैफ बने फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच, तनु सिंह को मिला प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सम्मान**

रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज में आयोजित चैंपियंस कप सीजन का फाइनल मुकाबला पीहू पैंथर्स और रॉयल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पीहू पैंथर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल क्रिकेट अकादमी को 12 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर रॉयल क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीहू पैंथर्स की टीम 20 ओवरों में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सौरभ मिश्रा ने 47 गेंदों में 43 रन और श्रेष्ठ प्रताप ने 26 गेंदों में 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। गेंदबाजी में रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से कृष्ण मोहन ने 3 विकेट झटके, जबकि अलिफ और राजदीप ने 2-2 विकेट हासिल किए।

150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम 19.2 ओवरों में 137 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से धर्मवीर ने 29 गेंदों में 43 रन बनाए, जबकि शिवांश अवस्थी ने 20 रन का योगदान दिया। पीहू पैंथर्स की ओर से मोहम्मद सैफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, वहीं तनु सिंह और कपिल ने 2-2 विकेट हासिल किए।फाइनल मुकाबले में पीहू पैंथर्स के मो. सैफ ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 18 रन बनाए और गेंदबाजी में 2 विकेट झटके, जिसके लिए उन्हें फाइनल मैच का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक सैनी को बेस्ट बॉलर, अंश शुक्ला को बेस्ट बैट्समैन और तनु सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया।

फाइनल मुकाबले के दौरान नीरज शुक्ला, मनीष बंसल, श्याम मोहन श्रीवास्तव, आदर्श पांडे और उत्कर्ष अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जाति से ऊपर उठें, अमीर–गरीब की खाई मिटे तभी बनेगा समरस भारत : राष्ट्रपति मुर्मू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को लोगों से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर एक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अब 'अमीर और गरीब' के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गुजरात के गांधीनगर में 'सामाजिक समरसता महोत्सव' को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जाति व्यवस्था अतीत की बात है और लोगों को अब एक समाज के रूप में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा 'जिन्होंने जाति व्यवस्था बनाई, वे अब नहीं रहे। हमें मिलकर आगे बढ़ना चाहिए और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना चाहिए। एक तरह से, अब केवल दो ही जातियां हैं - 'हैव्स' (अमीर) और 'हैव-नॉट्स' (गरीब)।' उन्होंने पिछड़ों के उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने एकता का आह्वान करते हुए कहा किसी को भी केवल अपने हित के बारे में नहीं सोचना चाहिए। हम सब एक हैं। हम भाई-बहन हैं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की परंपराएं करुणा, समानता, आपसी कल्याण और सद्भाव में निहित हैं। उन्होंने कहा, 'सभी विभाजनों से ऊपर उठकर और बिना किसी भेदभाव के एकजुट खड़े रहना सामाजिक सद्भाव की सच्ची अभिव्यक्ति है। 'डॉ. बी.आर. अंबेडकर का स्मरण करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उनका सद्भाव का संदेश स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित था। अंबेडकर के 'स्वयं को शिक्षित करो' संदेश को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्तिगत और राष्ट्रीय विकास दोनों की नींव है। उन्होंने कहा शिक्षा के मूल में राष्ट्र और समाज का विकास निहित है। हमारे संविधान ने शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि गांवों या शहरों के हाशिए पर पड़े वर्गों के लोगों को शिक्षा मिले।

### 'गांव समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा'

राष्ट्रपति मुर्मू ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के विकास और सामाजिक ताने–बाने में गांव केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा राष्ट्र की आत्मा उसके गांवों में बसती है। एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। विविधता के बावजूद, गांवों में लोगों के बीच स्नेह, गर्मजोशी और आपसी समझ है और यह भारतीय संस्कृति की सच्ची भावना को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि गांव समृद्ध होंगे, तो देश समृद्ध होगा।

### नैतिक मूल्यों और स्वास्थ्य पर जोर

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को भी बढ़ावा देना चाहिए। व्यापक शिक्षा, विशेष रूप से नैतिक शिक्षा के माध्यम से, सामाजिक सद्भाव के बंधन मजबूत होते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला, यह कहते हुए कि ये दोनों व्यक्तियों और समाज की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने व्यक्तियों से दूसरों के उत्थान में योगदान करने का भी आह्वान किया। उन्होंने समाज के लाभ के लिए अपनी क्षमताओं का उपयोग करने के बारे में एक व्यक्तिगत संदेश साझा किया। राष्ट्रपति ने कहा सफल होना अच्छी बात है, लेकिन यह तभी सार्थक होता है जब आप पीछे मुड़कर देखें कि आप कितने लोगों की मदद कर सकते हैं। आप पूरे राष्ट्र को नहीं बदल सकते हैं, लेकिन आपको खुद से पूछना चाहिए कि आप दूसरों के लिए क्या कर सकते हैं।

### स्थानीय समुदायों की भूमिका पर भी जोर

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहायता प्रदान की जा रही है, लेकिन लोगों को सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा सरकार अपना कर्तव्य निभा रही है, लेकिन लोगों को भी आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रपति ने समावेशी विकास और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने में सहकारी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए स्वच्छता, वृक्षारोपण और पशुपालन से संबंधित पहलों का भी आह्वान किया।

# सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री

## राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



बिहार को बुधवार (15 अप्रैल) को नया मुख्यमंत्री मिलेगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और सीएम पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को मंगलवार को नेता चुना गया। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इस बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। कुशवाहा जाति से ताल्लुक रखने वाले सम्राट चौधरी दिग्गज नेता शकुनी चौधरी के बेटे हैं। कौन हैं सम्राट चौधरी? 16 नवंबर, 1968 में जन्मे सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। सम्राट के पिता शकुनी चौधरी अलग-अलग पार्टियों से कई बार विधायक, सांसद और मंत्री रहे हैं। समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शकुनी चौधरी भी एक हैं। बिहार में कुशवाहा समाज के बड़े नेताओं में शकुनी चौधरी शुमार किए जाते हैं। अब सम्राट चौधरी अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। नीतीश के इस्तीफे से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। उनके साथ सम्राट चौधरी और बीजेपी के कई सीनियर लीडर्स भी थे। आज नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई। जहां नीतीश ने कहा - '2005 में मैं सरकार में आया, जहां तक मुझसे हो सका मैंने किया, नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।'

### 'नीतीश कुमार की जगह कोई नहीं ले सकता है'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी नए मुख्यमंत्री बने हैं तो हम सब उन्हें बधाई दे सकते हैं, लेकिन नीतीश कुमार जी की जगह कोई नहीं ले सकता है। उनकी छवि अलग थी। आम लोगों के प्रति खासकर पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और महादलित तमाम समाज के लोगों के बीच में उनकी एक अलग छवि थी। नीतीश कुमार बिहार में बहुत काम किया है। INDIA गठबंधन बनने की बात आई तो INDIA गठबंधन के सभी लोग, खासकर हम समाजवादी लोग इस उम्मीद में थे कि वो हमारे साथ रहकर देश के पीएम बनेंगे, लेकिन बीजेपी का खेल दिखिए, अब वह पीएम नहीं बन पाएंगे। राज्यसभा के एक सांसद बनकर वो रिटायर्ड हो जाएंगे।

# 2030 तक का इंतजाम कर जा रहा हूं सीएम पद से इस्तीफे के साथ नीतीश कुमार का संदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



पटना 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया।उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

### बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा

नीतीश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नमन है। बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है और लंबे समय से निरंतर उनकी सेवा की है। हमने पहले ही तय किया था कि अब मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे। इसी क्रम में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद माननीय राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। अब नई सरकार राज्य का कार्यभार संभालेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी अच्छा काम होगा और बिहार निरंतर प्रगति करता रहेगा। बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।

# पवन खेड़ा केस : असम सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, हाईकोर्ट के जमानत आदेश को दी गई है चुनौती



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर टिप्पणी करने के मामले में तेलंगाना हाई कोर्ट से मिली राहत को अब असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। देश की सबसे बड़ी अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट कल, 15 अप्रैल को इस मामले पर सुनवाई करने के लिए तैयार है।

### क्या है पूरा मामला?

विवाद की शुरुआत पांच अप्रैल को हुई थी। पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। खेड़ा ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई देशों के पासपोर्ट हैं और विदेशों में ऐसी संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र मुख्यमंत्री ने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया है। असम के मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने इन आरोपों को पूरी तरह से गलत और मनगढ़ंत बताया है। इसके तुरंत बाद, गुवाहाटी क्राइम ब्रांच में पवन खेड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। इसमें चुनाव के संबंध में झूठा बयान देने और धोखाधड़ी जैसी धाराएं शामिल हैं।

### हाईकोर्ट से मिली थी राहत

गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए पवन खेड़ा ने तेलंगाना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 10 अप्रैल को हाईकोर्ट ने उन्हें 'ट्रांजिट एंटिसिपेटरी बेल' यानी अग्रिम जमानत दे दी थी। कोर्ट ने माना था कि खेड़ा की गिरफ्तारी की आशंका वाजिब है, इसलिए उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया ताकि वह असम की संबंधित अदालत में जाकर अपनी बात रख सकें। हाईकोर्ट ने जमानत देते समय कुछ शर्तें भी रखी थीं। खेड़ा को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर रिहा किया जाएगा। उन्हें जांच में पूरा सहयोग करना होगा। वह बिना इजाजत देश छोड़कर नहीं जा सकेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि उन्हें सार्वजनिक रूप से इस मामले पर ऐसी बयानबाजी से बचने को कहा गया था, जिससे जांच प्रभावित हो।

### असम सरकार की आपत्ति

असम सरकार ने अब इसी राहत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। सरकार का तर्क है कि तेलंगाना हाई कोर्ट से खेड़ा को मिली यह राहत प्रक्रियात्मक रूप से सही नहीं है। अधिवक्ता शुभोदीप रॉय के माध्यम से दायर इस याचिका पर जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चंदरकर की बेंच कल सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट में होने वाली यह सुनवाई राजनीतिक और कानूनी दोनों लिहाज से काफी अहम है। अगर सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखता है, तो पवन खेड़ा को असम की निचली अदालत में पेश होने का समय मिल जाएगा। लेकिन अगर अदालत असम सरकार की दलीलों से सहमत होती है, तो खेड़ा की कानूनी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# लोकसभा में 543 की जगह होंगे 850 सांसद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की संसद से जुड़ा एक बड़ा प्रस्ताव सामने आया है, जिसके तहत लोकसभा की सीटों की संख्या में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की तैयारी की जा रही है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, प्रस्ताव में लोकसभा की कुल सीटों को बढ़ाकर 850 करने की बात कही गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार, नए ढांचे में राज्यों को 815 सीटें आवंटित की जाएंगी, जबकि केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें आरक्षित की जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि यह बदलाव देश की बढ़ती जनसंख्या और प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे संसद में अधिक संतुलित और व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

### परिसीमन आयोग की भूमिका

विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, एक परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा, जो संसद और विधानसभाओं की सीटों के पुनर्निर्धारण का कार्य करेगा। यह आयोग समय-समय पर परिसीमन की प्रक्रिया को लागू करने के लिए अधिकृत होगा। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद 239, 330, 332 और 334 के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई (1/3) सीटों का आरक्षण देने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को भी शामिल किया गया है।

# पाकिस्तान सीमा तक मजबूत होगी रेल कनेक्टिविटी, कई परियोजनाओं को मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए तीन अहम रेल परियोजनाओं पर तेज गति से काम जारी है। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 827 किलोमीटर है।इन योजनाओं का उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्रों को देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ना और वहां रहने वाले लोगों के लिए सफर को ज्यादा सुविधाजनक बनाना है। परियोजनाएं पूरी होने के बाद न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि इलाके में व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई रफ्तार मिलेगी। रेलवे ने 187 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का प्रस्ताव तैयार किया है, जो अनूपगढ़ को बीकानेर से जोड़ेगी। इस परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट (डीपीआर) बनकर तैयार हो चुकी है और अब इसकी मंजूरी अंतिम चरण में है। नई रेल लाइन शुरू होने के बाद सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़े शहरों तक सीधा संपर्क मिलेगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए मौके खुलेंगे। जैसलमेर और बाड़मेर क्षेत्र को भी इन योजनाओं से बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। 380 किलोमीटर लंबी जैसलमेर-भाभर/भीलड़ी (बाड़मेर के रास्ते) और 260 किलोमीटर लंबी खाजूवाला-जैसलमेर रेल लाइन के लिए अंतिम सर्वे का काम जारी है। ये परियोजनाएं पूरी होने के बाद रेगिस्तानी क्षेत्रों में यात्रा और माल ढुलाई दोनों ज्यादा आसान हो जाएंगे। साथ ही, बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए जैसलमेर और बाड़मेर रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास तेजी से किया जा रहा है। इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को बेहतर और आरामदायक अनुभव मिल सके। पुनर्विकास के तहत स्टेशनों पर नई तकनीक, साफ-सुथरे प्लेटफॉर्म, बेहतर वेटिंग एरिया और डिजिटल सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। इन बदलावों के बाद स्टेशन पहले के मुकाबले ज्यादा आधुनिक और सुविधाजनक नजर आएंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान को रेलवे परियोजनाओं के लिए 10,228 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसके अलावा राज्य में करीब 90,659 करोड़ रुपये की कई परियोजनाएं पहले से ही प्रगति पर हैं। इन योजनाओं में नई रेल लाइन बिछाने, स्टेशनों के विकास और सुरक्षा से जुड़े अहम कार्य शामिल हैं। इन निवेशों से राजस्थान में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी और कनेक्टिविटी के साथ-साथ यात्रियों की सुविधाओं में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# बाबा साहेब की 135वीं जयंती : राष्ट्रपति, पीएम मोदी समेत अन्य हस्तियों ने डॉ आंबेडकर को नमन किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य सियासी हस्तियों ने उन्हें नमन किया। इसी के साथ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य सांसदों ने संसद परिसर में स्थित बीआर आंबेडकर प्रेरणा स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर, मैं उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। बाबासाहेब एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, गहन विचारक, विधि विद्वान और समतावादी सामाजिक व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपना जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया और उनके हित में ऐतिहासिक योगदान दिया।''

### बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करें : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति ने कहा, ''उन्होंने न केवल असमानताओं को दूर करने का मार्ग दिखाया, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों को मजबूत करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता दी। उनके बहुआयामी योगदान आने वाली पीढ़ियों को देश की सेवा और विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर, आइए हम बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने और एक न्यायपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लें।''

### राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के प्रयास प्रेरणादायक : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, ''बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। राष्ट्र निर्माण में उनके प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन और कार्य पीढ़ियों को एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा।''

### बाबा साहेब की विरासत को कमजोर करने में लगीं कुछ ताकतें : राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, ''बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया। लेकिन आज कुछ ताकतें सुनियोजित तरीके से बाबासाहेब की इस विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने में लगी हैं - लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला किया जा रहा है, अधिकारों को कुचला जा रहा है।

# तमिलनाडु में बीजेपी का महिलाओं पर बड़ा दांव : 2000 रुपये मासिक मदद से मुफ्त गैस सिलिंडर तक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जहां एक ओर सियासत में जबरदस्त गर्माहट देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर अब राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी और तेज कर दी है। इसी क्रम में भाजपा ने चेन्नई में आगामी चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, भाजपा नेता के अन्नामलाई और तमिलिसाई सुंदरराजन मौजूद रहे। पार्टी ने चुनाव को लेकर अपनी योजनाएं और वादे जनता के सामने रखे। पार्टी ने एलान किया कि सत्ता में आने पर हर घर की महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपये दिए जाएंगे और हर परिवार को एक बार 10,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। बता दें कि भाजपा इस चुनाव में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### महिला मतदाताओं पर भाजपा का बड़ा दांव

घोषणापत्र में कहा गया है कि हर साल पोंगल, तमिल नववर्ष और दीपावली के मौके पर 3 मुफ्त गैस सिलिंडर दिए जाएंगे। इसके साथ ही-एफआईआर दर्ज करवाना आसान बनाया जाएगा। पीड़ितों-गवाहों के संरक्षण के उपाय भी किए जाएंगे। यौन अपराधों सहित जघन्य मामलों के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। निर्भया कोष का अधिकतम उपयोग कर महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने का वादा। महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाएंगे।

### धार्मिक और सांस्कृतिक घोषणाएं भी

भाजपा ने अपने हिंदुत्व एजेंडे के तहत थाईपूसम को राज्य उत्सव घोषित करने का वादा किया है, जो भगवान मुरुगन से जुड़ा है। साथ ही तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की परंपरा को फिर से शुरू करने और उसे सुरक्षित रखने की बात कही गई है। यह मुद्दा पहले डीएमके और भाजपा के बीच बड़ा विवाद बन चुका है। भगवान मुरुगन के सम्मान में थाईपूसम को राज्य पर्व घोषित किया जाएगा।

# बंगाल के मालदा में रैली के दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा, लगाए कई गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए रायगंज और मालदा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा, आरएसएस और सत्तारूढ़ टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। रायगंज में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की नफरत भरी विचारधारा देश के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि अंबेडकर, गांधी और नेहरू ने देश को जो संविधान दिया था, उसे भाजपा सीधे तौर पर नहीं बल्कि संवैधानिक संस्थाओं में अपने लोगों को बिठाकर और वोट चोरी करके नष्ट कर रही है। उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनका मुकाबला नफरत की राजनीति से है और वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पीएम उनसे आंखें नहीं मिला सकते। उन्होंने आरोप लगाते हुए पीएम मोदी का कंट्रोल डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में है। इसके साथ ही, उन्होंने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इस डील से भारत के लघु और मध्यम उद्योग बंद हो जाएंगे, किसानों को भी भारी नुकसान होगा और देश में बड़े स्तर पर बेरोजगारी बढ़ेगी। इसी दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उन्हें देशभक्त के बजाय देशद्रोही करार दिया। राहुल गांधी ने अडानी और पीएम मोदी के संबंधों पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा ने एक ऐसा सिस्टम बनाया है जहां पार्टी का पूरा पैसा अडानी के पास है। उन्होंने इसे 'मोदानी' कंपनी करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी पर अमेरिका में केस चल रहा है और वे देश से बाहर नहीं जा सकते। मालदा की रैली में राहुल गांधी ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की प्रक्रिया (स्क्रूक्र अभ्यास) को असंवैधानिक बताया। उन्होंने वादा किया कि बंगाल में कांग्रेस की सरकार आने पर उन सभी लोगों के नाम सूची में वापस जोड़े जाएंगे जिनके नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं। उन्होंने टीएमसी और वामपंथियों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन्होंने बंगाल के औद्योगिक क्षेत्र को खत्म कर दिया है। राहुल ने शारदा (1,900 करोड़) और रोज वैली (6,600 करोड़) चिटफंड घोटालों का जिक्र करते हुए टीएमसी को भ्रष्टाचार में भाजपा के बराबर बताया।